पौष कृष्ण पक्ष दसवी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 161 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
14 दिसंबर 2025 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**
27.0 अधिकतम
7.0 न्यूनतम


शिमला में पड़ रही बर्फ का आनंद लेते पर्यटक।

### उत्तराखंड और हिमाचल में लगातार बर्फबारी, प्रदेश में अगले तीन-चार दिन बाद फिर शीतलहर
# पहाड़ों पर बर्फ की चादर... पड़ेगी सताने वाली सर्दी

**शिमला/देहरादून/पटना/भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पहाड़ों में लगातार हो रही बर्फबारी से अगले हफ्ते देशभर में कड़ाके की सर्दी पड़ने के आसार हैं। इस सर्दी का पहला बड़ा पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) 17 दिसंबर को हिमालयी राज्यों में पहुंचेगा। इस असर पूरे उत्तर भारत पर होगा। मौसम विभाग ने 21 और 22 दिसंबर तापमान तेजी से नीचे गिरने की संभावना जताई है। उत्तर से चलने वाली ठंडी हवाएं यूपी, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और मध्य भारत तक पहुंचेंगी। इससे मैदानी इलाकों में ठंड काफी बढ़ जाएगी।

इधर मध्य प्रदेश में हालांकि अगले 3 दिन तक शीतलहर का अलर्ट नहीं है। लेकिन पारा लगातार लुढ़क रहा है। भोपाल में पारे में मामूली इजाफा हुआ है। राजधानी में भोपाल में न्यूनतम पारा 7 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा रहा। यहां शनिवार रात पारा 4.7 डिग्री सेल्सियस रहा। उधर, राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते सर्दी का असर कम हो गया है। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई है। हिमाचल प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने से ठंड बढ़ गई है।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में आज बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई गई है, जिससे पारा 2-3 डिग्री और गिर सकता है। प्रदेश में शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा स्थान दर्ज किया गया। यहां पारा 4.7 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार, दो पश्चिमी विक्षोभ अगले कुछ दिन में उत्तर भारत में पहुंचेंगे। इस वजह से पहाड़ों में बर्फबारी-बारिश का दौर बना रहेगा। तब ये सिस्टम आगे बढ़ेंगे तो बर्फ पिघलेगी और सर्द हवाएं एमपी में आएगी। इससे एक बार फिर कोल्ड वेव यानी, शीतलहर का दौर शुरू होगा।

**प्रदेश में तापमान**

| | |
|---|---|
| शहडोल | 4.7 |
| भोपाल | 7.0 |
| जबलपुर | 8.5 |
| ग्वालियर | 9.8 |
| उज्जैन | 9.2 |
| इंदौर | 5.9 |

(तापमान डिग्री सेल्सियस में)

**कश्मीर में 21 से होगा चिल्लई कलां**

कश्मीर में 21 दिसंबर से 40 दिन तक चलने वाला सर्दियों का सबसे कड़ा दौर 'चिल्लई कलां' शुरू होगा। बता दें कि हर साल दिसंबर और जनवरी के महीने में 40 दिन स्थानीय लोगों के लिए बहुत मुश्किलों में बीतते हैं क्योंकि ठंड की वजह से पानी भी पाइप में जम जाता है।

## न्यूज विंडो

### घने कोहरे के कारण सड़क हादसा, 4 बसों की टक्कर
**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के रेवाड़ी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 352डी पर सुबह एक बड़ी सड़क दुर्घटना होने की सूचना मिली है। भीषण कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम होने की वजह से चार बसों में आपस में टक्कर हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना सुबह हुई जब घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी बहुत कम हो गई थी। इस हादसे में तीन से चार बसें एक-दूसरे से टकरा गईं। ये बसें रेवाड़ी से झज्जर की ओर जा रही थीं।सूत्रों के मुताबिक, इस टक्कर में कई यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है।

### अमेरिकी यूनिवर्सिटी में फायरिंग, दो की मौत
**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी में एक नकाबपोश ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी जिसमें कम से कम दो छात्रों की मौत हो गई। दोनों छात्र फाइनल परीक्षा देने के लिए आए थे। इस हमले में 8 छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। संदिग्ध को अभी गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। पुलिस ने यूनिवर्सिटी कैंपस के अलावा आसपास के इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है।

### शिल्पा शेट्टी के पब में भारी हंगामा, वीडियो वायरल
**बेंगलुरु, एजेंसी।** सेंट मार्क्स रोड स्थित बैस्टियन पब में देर रात हंगामा देखने को मिला। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, ये पब बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के स्वामित्व वाला है। वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वीडियो में कुछ लोग आपस में बहस करते नजर आ रहे हैं।

### कल से शुरू होगी पीएम मोदी की विदेश यात्रा
**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों के दौरे पर जा रहे हैं। पीएम मोदी का यह दौरा चार दिन का होगा, जिस दौरान वो जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा करेंगे। पीएम मोदी की इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने के साथ-साथ व्यापार, रक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देना है। 15-16 दिसंबर को पीएम मोदी जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। 16-17 दिसंबर को इथियोपिया के दौरे पर होंगे।

### दक्षिण अफ्रीका में हिंदू मंदिर गिरा, 4 की जान गई
**कैपटाउन, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के क्वाजुलु-नटाल प्रांत में निर्माणाधीन चार मंजिला हिंदू मंदिर धराशायी हो गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 52 साल के भारतीय मूल का व्यक्ति भी शामिल है। दरअसल, ईथेक्विनी के उत्तर में रेडक्लिफ में एक खड़ी पहाड़ी पर बने न्यू अहोबिलम टेम्पल ऑफ प्रोटेक्शन का शुक्रवार को विस्तार किया जा रहा था, इसी दौरान इमारत का हिस्सा ढह गया। कई मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि खराब मौसम के कारण राहत एवं बचाव कार्य रोक दी गई है।

## अंदर खास


लाइफ

सिर्फ स्वस्थ ही नहीं रखती, डिप्रेशन में डूबने से भी बचाती है नियमित एक्सरसाइज

- डिप्रेशन से बचाएगी नियमित एक्सरसाइज
- पं. विष्णु राजौरिया का कॉलम 'सितारों की बात'

## आज का कार्टून




### निजी स्वतंत्रता के मामले पहले सुनेंगी कोर्ट - सीजेआई
**नईदिल्ली, एजेंसी**

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने कहा है कि अब अदालतों में व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों को सबसे पहले सुना जाएगा। साथ ही, व्यापार और आर्थिक मामलों के फैसलों में एकरूपता लाई जाएगी ताकि निवेशकों का भरोसा बढ़े। परिवार, उपभोक्ता और सामाजिक न्याय से जुड़े मामलों में भी अदालतों का रवैया सहानुभूतिपूर्ण रहेगा।

## हटाए जा सकते हैं इंडिगो के सीओओ
**नईदिल्ली, एजेंसी**



इंडिगो के हालिया फ्लाइट संकट मामले में डीजीसीए के बाद सरकार का इंडिगो की टॉप लीडरशिप पर भी एक्शन हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में सीईओ पीटर एल्बर्स पर कार्रवाई की संभावना कम है, लेकिन चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सीओओ इसिड्रो पोकर्स ओरिया पर गाज गिर सकती है। बताया जा रहा है कि संकट अचानक नहीं आया, बल्कि लंबे समय से चली आ रही प्रबंधन की अनदेखी इसका कारण बनी। पायलटों की छुट्टियों में कटौती, रोस्टर सिस्टम में बदलाव, चैटबॉट व्यवस्था और क्रू की समस्याएँ हल न होने से असंतोष बढ़ा।

**रिजाइन कर चुके अधिकारी पर कार्रवाई:** डीजीसीए ने चार फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टरों की नौकरी से हटाया था। इनमें से एक कैप्टन अनिल पोखरियाल कैंसर से जूझ रहे थे और कई दिनों से अस्पताल में थे। खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए खुद ही कई दिनों पहले रिजाइन कर दिया था। डीजीसीए के एक अधिकारी ने कहा कि मामले में सारी जानकारी ली जाएगी।

### स्टाफ के साथ पिकनिक के लिए निकले थे
## सांची जा रहे स्कूली बच्चों की बस नदी में गिरी, 25 घायल
**हरिनारायण विश्वकर्मा. गंजबासौदा**



आज सुबह ग्राम जोहद के पास सगड़ नदी के पुल से एक स्कूली बस नीचे गिर गई। यह बस अशोकनगर जिले के बहादुरपुर स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल के स्टूडेंट्स और स्टाफ को सांची पिकनिक पर ले जा रही थी। हादसे में 25 बच्चे घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, नदी का पुल संकरा है। सामने से आ रहे एक वाहन को रास्ता देने दौरान ड्राइवर ने बस को किनारे किया। इसी दौरान बस बेकाबू होकर सीधे नदी में जा गिरी। घटना के बाद बच्चों की चीख-पुकार मच गई।

सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और नटेरन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने फौरन बस से बच्चों को बाहर निकालना शुरू किया। घायल बच्चों में से कुछ को सरकारी अस्पताल गंजबासौदा में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल कुछ बच्चों को जिला अस्पताल विदिशा रेफर किया गया है। अभी तक किसी जनहानि की सूचना नहीं है। राहत की बात यह रही कि जिस जगह बस गिरी, वहां नदी में पानी नहीं था। मामले की जानकारी लगने पर क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी अस्पताल पहुंचे हैं जिन्होंने बच्चों का हाल जानकर आवश्यक उपचार करने की निर्देश दिए।

**पुल पर रेलिंग नहीं**

जानकारी के अनुसार यह पुल कई वर्षों से रेलिंग विहीन है और इस कारण कई वाहन इस नदी में गिर चुके है। पुल पर रेलिंग लगाने की मांग कई सालों से चल रही है लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। वहीं लोगों का कहना हैं कि सड़क का निर्माण कई बार हो चुका है वर्तमान में भी सड़क का निर्माण चल रहा है लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा।

### इंदौर पहुंचे सीएम...विकास की समीक्षा


इंदौर, एजेंसी। मुख्यमंत्री मोहन यादव आज सुबह इंदौर पहुंचे। वे यहां जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। इस अवसर पर इंदौर मेट्रो प्राधिकरण का प्रजेंटेशन भी हुआ।

### वोट चोरी पर दिल्ली में आज कांग्रेस की महारैली
**नईदिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के रामलीला मैदान में आज कांग्रेस की महारैली हो रही है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बताया कि आज होने वाली कांग्रेस की महारैली में हर बूथ से कार्यकर्ता भाग लेंगे। महारैली के लिए सभी पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जो कार्यकर्ता अन्य राज्यों से एक दिन पहले ही दिल्ली पहुंचे हैं, उनके लिए भी इंतजाम है। कांग्रेस सेवा दल के साथ वालियंटर भी नियुक्त हैं, किसी को कोई असुविधाएं नहीं होगी। इस महारैली के प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया, होर्डिंग, बैनर, पोस्टर पूरी दिल्ली के हर एक ब्लाक कांग्रेस कमेटी के क्षेत्रों में लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की वोट चोरी को पूरी दिल्ली में उजागर किया है।

### खंडवा में कार पलटने से मैनेजर की मौत
खंडवा-अमरावती स्टेट हाईवे पर शनिवार देर रात तेज रफ्तार कार पलटने से कार चला रहे ग्राम कोरगला निवासी कपिराज पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। अंधेरा और लंबा टर्न होने के कारण कार ने तीन बार पलटी खाई। हादसे में कार सवार दो अन्य युवक भी घायल हुए हैं। कपिराज एक निजी पेस्टिसाइड कंपनी में मार्केटिंग मैनेजर थे।

**मेट्रो एंकर**

### इस फील्ड में अगले 10 साल 34 फीसदी की रफ्तार से ग्रोथ होने का अनुमान
# डेटा साइंस की डिग्री दिलाएगी अमेरिका में एक करोड़ का पैकेज
**नईदिल्ली, एजेंसी**

विदेश में पढ़ाई पर लाखों रुपये खर्च होते हैं इसलिए छात्रों के लिए ये जरूरी हो जाता है कि वे ऐसे कोर्स को चुनें, जिसकी डिग्री लेकर उन्हें आकर्षक पैकेज वाली नौकरी मिल जाए। भारतीय छात्रों के लिए तो ये सैलरी पैकेज काफी ज्यादा मायने रखता है। खासतौर पर जब वे अमेरिका जैसे देश में हायर एजुकेशन के लिए जाते हैं। अमेरिका में पूरे कोर्स की पढ़ाई का खर्च कई बार करोड़ तक भी चला जाता है। अमेरिका में विभिन कोर्स की पढाई और उसके बाद मिलने वाले पैकेज के अध्ययन में छत्रों के लिए उपयोगी जानकारी निकलकर आई है। इसमें बताया गया है कि डेटा साइंस की डिग्री एक करोड़ से अधिक के पैकेज की गारंटी बन रही है। ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिक्स



के मुताबिक, अमेरिका में डेटा साइंस प्रोफेशनल्स की औसतन सालाना सैलरी 1.12 लाख डॉलर (लगभग 1 करोड़ रुपये) सालाना है। डेटा साइंस प्रोफेशनल्स की अमेरिका में काफी ज्यादा मांग भी है, जिस वजह से ये एक पसंदीदा कोर्स बनकर उभर रहा है। डेटा साइंस मुख्य तौर पर डेटा के जरिए छिपी हुई चीजों का पता लगाना है। एक अच्छे डेटा साइंटिस्ट की पहचान होती है कि उसके पास स्टैटिक्स नॉलेज के साथ-साथ कंप्यूटर स्किल भी हो। अगर आसान भाषा में कहें तो आपके पास बहुत सारा डेटा है, जिसे एक विशाल खजाना मान लेते हैं। डेटा साइंस एक ऐसा तरीका है, जिसके जरिए हम उस खजाने को समझते हैं और उसका विश्लेषण कर उसमें से छिपी हुई उपयोगी जानकारी निकालते हैं। डेटा साइंस का मुख्य उद्देश्य बड़े और जटिल डेटासेट का इस्तेमाल करके भविष्यवाणी करना और बेहतर निर्णय लेना है। ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिक्स के मुताबिक, अमेरिका को 2034 तक हर साल 23,400 डेटा साइंटिस्ट की जरूरत है। इसका मतलब है कि इस डिग्री के साथ ग्रेजुएट हुए स्टूडेंट्स को जॉब के लिए धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। सरकार के आंकड़े बताते हैं कि डेटा साइंस की फील्ड में अगले 10 साल 34 फीसदी की रफ्तार से ग्रोथ होने वाली है। इस वजह से डेटा साइंटिस्ट बनने पर अगले एक दशक नौकरियों की कोई टेंशन नहीं है। सीनियर डेटा साइंटिस्ट की सैलरी 1.5 करोड़ से लेकर 2.5 करोड़ सालाना तक है।

**डेटा साइंस के अच्छे संस्थान**

अमेरिका में डेटा साइंस की पढ़ाई के लिए एक से बढ़कर एक टॉप यूनिवर्सिटीज मौजूद हैं। इसमें मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, शिकागो यूनिवर्सिटी, पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी, प्रिंसटन यूनिवर्सिटी, येल यूनिवर्सिटी, कॉर्नेल यूनिवर्सिटी, कोलंबिया यूनिवर्सिटी शामिल हैं।

# मेट्रो का कमर्शियल रन 20 को वर्चुअली जुड़ेंगे प्रधानमंत्री मोदी

## मिंटो हॉल में होगा लाइव कार्यक्रम, फिर मेट्रो में बैठेंगे मुख्यमंत्री व मंत्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मेट्रो का कमर्शियल रन अब तय समय से एक दिन पहले यानी, 20 दिसंबर को होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली जुड़ेंगे और मेट्रो को हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मेट्रो में बैठेंगे। पहले मेट्रो की शुरुआत 21 दिसंबर को होनी थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खजुराहो में मेट्रो की शुरुआत करने की बात कही थी, लेकिन अब यह बदलाव हुआ है। संभावित शेड्यूल के मुताबिक, 20 दिसंबर को शाम 4 बजे कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में मुख्य कार्यक्रम होगा। इसमें प्रधानमंत्री मोदी का लाइव रहेगा। यानी, वे वर्चुअली जुड़ेंगे। इसके बाद केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री समेत प्रदेश के कई मंत्री, सांसद-विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि मेट्रो में सवार होंगे। सुभाषनगर स्टेशन से शाम 5 बजे मेट्रो चलेगी और 6.22 किलोमीटर की दूरी तय कर एम्स स्टेशन पहुंचेगी। इन दोनों स्टेशनों को सजाने का काम शुरू हो गया है। सुरक्षा के मद्देनजर मेट्रो कॉरपोरेशन ने अपनी सिक्योरिटी तैनात कर दी है। फिलहाल किसी भी बाहरी व्यक्ति को स्टेशन के अंदर जाने नहीं दिया जा रहा है। सुभाषनगर-एम्स के साथ ही केंद्रीय स्कूल,



डीबी मॉल, एमपी नगर, रानी कमलापति, डीआरएम ऑफिस और अलकापुरी में भी सुरक्षा का कड़ा घेरा है। मेट्रो के अंदर के काम तो हो चुके हैं, लेकिन बाहरी जो काम पेंडिंग हैं, वे पूरे किए जा रहे हैं। अफसरों का कहना है कि बाहरी काम दो-तीन महीने तक चलते रहेंगे। इससे मेट्रो का कमर्शियल रन प्रभावित नहीं होगा। अब तक के प्लान के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री खट्टर और सीएम डॉ. यादव एम्स स्टेशन पर मीडिया से चर्चा करेंगे। वे यहां पर मेट्रो से जुड़ी सारी जानकारी देंगे और आगे का रोड मैप बताएंगे।

### सीएमआरएस से मिल चुका है ग्रीन सिग्नल

दिसंबर की शुरुआत में ही कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) की टीम ने भोपाल मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर को ग्रीन सिग्नल दे दिया था। सीएमआरएस टीम 12 नवंबर को भोपाल पहुंची थी। 13, 14 और 15 नवंबर को टीम ने डिपो से लेकर ट्रैक और ट्रेन तक निरीक्षण किया था। कमिश्नर नीलाभ्र सेनगुप्ता के साथ टीम ने मेट्रो के नट-बोल्ट भी देखे थे।

### शेड्यूल तय नहीं, लेकिन इंदौर मॉडल रहेगा

मेट्रो में सफर के लिए किराया भी लगभग तय किया जा चुका है। एमपी नगर स्टेशन पर तो किराया सूची भी चस्पा कर दी गई है। हालांकि, मेट्रो कॉर्पोरेशन ने आधिकारिक रूप से किराए का खुलासा नहीं किया है, लेकिन इंदौर जैसा मॉडल ही अपनाए जाने की बात कही जा रही है। अफसरों की मानें तो 7 दिन तक लोग मेट्रो में फ्री सफर कर सकेंगे। वहीं, 3 महीने तक टिकट पर 75 फीसदी, 50 फीसदी और 25 फीसदी की छूट दी जाएगी। छूट खत्म होने के बाद सिर्फ 20 रुपए में मेट्रो का सफर किया जा सकेगा। अधिकतम किराया 80 रुपए होगा। 31 मई को इंदौर में चलाई गई मेट्रो के लिए भी यही मॉडल रहा था। सोमवार को किराया और शेड्यूल को लेकर तस्वीर साफ हो सकती है।

### अभी 80 किमी प्रति घंटा तक रहेगी स्पीड

भोपाल के सुभाष नगर से एम्स तक मेट्रो कोच को ट्रैक पर दौ?ाकर ट्रायल रन किया जा रहा है। ट्रायल रन में न्यूनतम 30 और अधिकतम 80 किमी प्रतिघंटा रफ्तार रखी जा रही है। बीच-बीच में 100 से 120 किमी की रफ्तार से भी मेट्रो दौड़ाई जा रही है। मेट्रो का टिकट सिस्टम ऑनलाइन न होकर मैनुअल ही रहेगा। जैसे आप ट्रेन में टिकट लेकर सफर करते हैं, वैसे ही मेट्रो में भी कर सकेंगे।



# भोपाल में 269.9 फीट लंबा सैंडविच बनाया, रिकार्ड दर्ज

## लिम्का बुक रिकॉर्ड टीम की निगरानी में 7 मिनट 26 सेकेंड में तैयार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

दुनिया के सबसे लंबे सैंडविच को लेकर भोपाल रविवार को रिकॉर्ड का गवाह बना। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट भोपाल ने 269.9 फीट लंबा और करीब 8 इंच चौड़ा सैंडविच तैयार किया। यह सैंडविच मात्र 7 मिनट 26 सेकेंड में बनाया गया। लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम की मौजूदगी में पूरा आयोजन हुआ और रिकॉर्ड फिलहाल दर्ज कर लिया गया है। फाइनल अप्रूवल के लिए दो से ढाई महीने का इंतजार करना होगा। सैंडविच का नाम सुनते ही मुंह में पानी आना स्वाभाविक है, लेकिन जब बात दुनिया के सबसे लंबे सैंडविच की हो, तो उत्सुकता और भी बढ़ जाती है। रविवार, 14 दिसंबर को भोपाल में लोगों ने 269.9 फीट लंबा और करीब 8 इंच चौड़ा सैंडविच बनते हुए देखा, जो अपने आप में एक अनोखा नजारा था। जानकारी के अनुसार यह प्रयोग न सिर्फ शहर बल्कि देश के लिए भी खास है। सैंडविच बनाने के लिए 300 फीट लंबी टेबल लगाई गई। 24 इंच लंबे ब्रेड लोफ्स को विशेष रूप से तैयार किए गए।

# केंद्र के फिजियोथेरेपी एक्ट का महत्व सरकार भी समझे : डॉ पांडेय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने दिल्ली एम्स में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए फिजियोथैरेपी एवं अन्य एलाइड हेल्थकेयर प्रोफेशन को आधुनिक स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ बताते हुए उनकी सराहना की । श्री नड्डा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा पारित नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स एक्ट, 2021 एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है, जिसने इन प्रोफेशनल्स को संवैधानिक मान्यता दी है और उन्हें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सशक्त भूमिका निभाने का अवसर प्रदान किया है। भौतिक चिकित्सक कल्याण संघ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष डॉ सुनील पांडेय ने सवाल उठाया है कि मध्यप्रदेश की सरकार क्यों भारत सरकार द्वारा बनाए एक्ट के महत्त्व को नही समझ रही है? केंद्रीय मंत्री ने यह भी उल्लेख किया था कि फिजियोथैरेपी जैसी ड्रगलेस, साक्ष्य-आधारित चिकित्सा विधाएं न केवल मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ



में सहायक हैं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं को समग्र, किफायती व प्रभावी बनाती हैं। इस एक्ट से देशभर में एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल्स को न केवल सशक्त पहचान मिली है, बल्कि स्वतंत्र प्रैक्टिस, रजिस्ट्रेशन और प्रोफेशनल नॉमेनक्लेचर की दिशा में भी मार्ग प्रशस्त हुआ है। प्रदेश की सरकार ने 14 मार्च 2024 को गज़ट नोटिफिकेशन जारी कर स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल काउंसिल (एक्ट) को लागू किया था परंतु 11 नवम्बर 2024 को स्थगित कर दिया।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीतिःछात्रों को नहीं दे पाते स्टडी मटेरियल

# भोज का इस सत्र नया सिलेबस लागू करने से इनकार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के तहत बनाए गए नए अध्यादेश 14(1) और 14(2) और नए सिलेबस को शैक्षणिक सत्र 2025-27 से लागू नहीं करेगा। विवि ने इसे वर्तमान सत्र से लागू करने से इनकार कर दिया है। इसके पीछे विवि प्रशासन का साफ कहना है कि इससे छात्रों को गंभीर परेशानी हो सकती है।

विवि स्नातक और स्नातकोत्तर के नव प्रवेशित स्टूडेंट्स को इसके आधार पर सेल्फ लर्निंग मटेरियल (एसएलएम) उपलब्ध करा पाते। इससे छात्रों का पूरा शैक्षणिक वर्ष प्रभावित होने की आशंका थी, इसलिए एक वर्ष का समय लेकर पहले एसएलएम तैयार करने का निर्णय लिया है। विवि के रजिस्ट्रार डॉ. सुशील मंडेरिया ने बताया कि विवि में एनईपी लागू है, नए बदलाव 2026-27 से लागू किए जाएंगे।




दिलचस्प बात यह है कि प्रदेश में दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कोर्स चलाने वाला भोज विवि छात्रों की और अपनी समस्या को समझ गया लेकिन गई, लेकिन इसी बीच बरकतउल्ला विश्वविद्यालय सहित अन्य परंपरागत विश्वविद्यालयों ने बिना-सोचे समझे, शासन स्तर पर हुए निर्णय को तत्काल लागू कर दिया। उच्च शिक्षा विभाग भी छात्रों को होने वाली समस्या को नहीं जान सका। अब स्थिति यह है कि सत्र 2025-26 में प्रवेशित यूजी व पीजी के 4 लाख से अधिक स्टूडेंट्स के पास टैक्स्ट बुक नहीं है। जानकार कहते हैं कि जिस तरह भोज विवि ने व्यावहारिक स्थिति को समझते हुए निर्णय लिया, उसी तरह अन्य विवि निर्णय ले सकते थे।

**राज्य स्तर पर तैयार किया जाता है सिलेबसः** बता दें कि प्रदेश में राज्य स्तर पर सेंट्रल बोर्ड ऑफ स्टडी के द्वारा सिलेबस तैयार होते हैं। इस सत्र के लिए विभाग ने समय पर सिलेबस जारी नहीं किए। हिंदी ग्रंथ अकादमी किताबें तैयार नहीं कर सका। निजी प्रकाशकों ने दूरी बना रखी है। परंपरागत विवि के अधिकारियों को अच्छी तरह पता थी फिर नई व्यवस्था और नया सिलेबस तत्काल लागू कर दिया। नतीजा यह है कि पांच महीने बीत जाने के बाद भी इनसे संबद्ध कॉलेजों में पढ़ रहे छात्रों के पास टेक्स्टबुक उपलब्ध नहीं हैं। एनईपी के नए अध्यादेश 14(1) और 14(2) और नए सिलेबस को आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू किया जाएगा।

# लोक अदालत में पूर्व से लंबित प्रकरणों का हुआ निराकरण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। लोक अदालत का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज श्रीवास्तव ने दीप प्रज्जवलित कर शुरुआत की। बताया गया कि कुल निराकृत प्रकरणों की संख्या 21295, लंबित टेकन अप प्रकरणों की कुल संख्या 4108, निराकृत लंबित प्रकरणों की कुल संख्या 3959, प्री-लिटिगेशन टेकन अप प्रकरणों की कुल संख्या 17445, निराकृत प्री-लिटिगेशन प्रकरणों की कुल संख्या 17336, चेक बाउंस से संबंधित निराकृत कुल प्रकरणों की संख्या 580, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित निराकृत कुल प्रकरणों की संख्या 483, आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों की संख्या 690, पारिवारिक प्रकरणों की संख्या 131, बैंक रिकवरी के प्रकरणों की संख्या 255, व्यवहार वाद के प्रकरणों की संख्या 138, विद्युत अधिनियम के प्रकरणों की संख्या 291, श्रम विभाग से संबंधित प्रकरणों की संख्या 13, जलकर एवं सम्मपति कर संबंधी प्रकरणों की संख्या 13653 एवं अन्य प्रकरणों की संख्या 3179 रही। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन में जिला प्रशासन, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण का भरपूर सहयोग रहा।

# मंगलाचरण से हुई तीन दिवसीय दिगंबर जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन की शुरुआत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

तीन दिवसीय अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन की शुरुआत जवाहर चौक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मंगलाचरण और भगवान



महावीर स्वामी के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सम्मेलन के पहले लगभग 150 युवकों और 200 युवतियों अपना परिचय मंच पर दिया। उन्होंने बताया सम्मेलन के लिए अब तक 5339 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया है। इनमें 2528 युवक और 2811 युवतियां शामिल हैं। जिसमें 16 देशों से 68 युवक और 26 युवतियां भी शामिल हैं, जो अपने जीवन साथी की तलाश में भोपाल आए हैं। इनके अलावा कुछ युवक- युवती ऐसे हैं जो सिविल सेवाओं में हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, महापौर मालती राय और नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने सम्मेलन में स्मारिका का विमोचन किया गया। जिसमें 5339 युवक-युवतियों का परिचय संबंधी बायोडाटा प्रकाशित किया गया है। इस दौरान बताया कि पिछले वर्ष भी काफी संख्या में एनआरआई युवाओं ने पंजीकरण कराया था । उन्होंने बताया इसमें 234 चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीएस) हैं, जिसमें 107 युवक एवं 127 युवतियों हैं। 332 डॉक्टर 332, जिसमें 204 युवक एवं 128 युवतियां हैं। 176 वकील हैं, जिसमें 79 युवक-97 युवतियां हैं। 1890 इंजीनियर हैं, जिसमें 740 युवक एवं 1150 युवतियां हैं। 1017 बीबीए और एमबीए शिक्षित हैं।

## गंदगी का अंबार



भोपाल। शहर की कई कॉलोनियों में कचरे की समस्या दिनों-दिन गंभीर होती जा रही है। क्षेत्र में जगह-जगह कूड़े के ढेर जमा हो चुके हैं, जिनसे दुर्गंध फैल रही है और मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है। लोगों ने नगर निगम से नियमित सफाई की मांग की है।

**मेट्रो एंकर**

### सुर-संगीत और उर्दू शायरी से गूंज उठा परी बाजार

# दिल्ली की फौजिया दास्तांगो ने राधाकृष्ण पर दी संगीतमयी प्रस्तुति

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गौहर महल के परी बाजार में दिल्ली की फौजिया दास्तांगो का राधाकृष्ण पर केन्द्रित संगीतमयी कार्यक्रम ने दर्शकों को श्रृंगार रस से रूबरू कराया। सुर, संगीत, शायरी और स्त्री-सशक्तिकरण की थीम पर सजा यह दिन राधाकृष्ण के श्रृंगार रस से लेकर ऊर्दू शायरी की नफ़ासत तक, एक कलात्मक यात्रा का साक्षी बना। वूमेन एजुकेशन एंड एम्पॉवरमेंट सोसायटी (वीस) द्वारा 'सशक्त मध्यप्रदेश' थीम पर आयोजित 'बेगम्स ऑफ भोपाल' का यह वार्षिक आयोजन मप्र पर्यटन विभाग और वीर भारत न्यास के सहयोग से आयोजित हो रहा है। शाम ढलते ही रंग-रस का यह कारवां मुशायरे की महफिल में बदल गया। गुलाबी ठंड में डूबा गौहर महल ऑल इंडिया मुशायरे की गूंज से भर उठा। प्रतिष्ठित शायरों-डॉ।



अंजुम बाराबंकवी, बनत अजरा नकवी, अनस फैजी और विजय तिवारी ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश कर श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। अनस फैजी ने जब पढ़ा- 'इश्क की राह में नाकाम हुई हैं वो भी, खुद की लाशों को कई बार जला देखा है...' तो महफिल में सिहरन-सी दौड़ गई। इसके बाद उनके कलाम 'हार जाने पे मोहब्बत में मगर लड़कों पर लड़कियों ने कभी तेजाब नहीं फेंका है...' ने सामाजिक संदेश और शायरी दोनों की परंपरा को एक साथ साधा। डॉ. अंजुम बाराबंकवी ने अपनी विशिष्ट शैली में कहा- 'मैं न कांटा हूं, न शीशा हूं, न पत्थर फिर भी, मेरे अपने मुझे रस्ते से हटाते क्यों हैं...' इसके बाद उनकी पंक्तियां- 'चरागों ने बड़ी हिम्मत से पूछा, हवा किस वक्त तूफानी रहेगी...' ने मुशायरे को नई ऊंचाई दी और श्रोताओं ने तालियों की गूंज से महफिल को भर दिया। विजय तिवारी की रचनाओं ने माहौल में एक अलग ही भाव-लय घोल दी। उनकी पंक्तियां - 'मां-बाप की खुशी के लिए ख़ामोशी के साथ, शर्मो-हया को ओढ़ के ताबिन्दिगी के साथ...' और फिर 'आजकल बेटी का ससुराल से मायके आना, जैसे एक कैदी को पैरोल दिया जाता है...' ने श्रोताओं को भीतर तक छू लिया और समाज में बेटियों की स्थिति पर गंभीर विमर्श को जन्म दिया।

# भोपाल होकर काचेगुड़ा-मदार के बीच एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन संचालित होगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पश्चिम मध्य रेलवे ने यात्रियों के बढ़ते आवागमन को देखते हुए इटारसी होकर बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। बढ़ती यात्रा मांग को देखते हुए काचेगुड़ा-मदार-काचेगुड़ा के बीच एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है. यह विशेष ट्रेन इटारसी और भोपाल होकर संचालित होगी. गाड़ी संख्या 07733 काचेगुड़ा-मदार स्पेशल 23 दिसंबर 2025 को रात 23.30 बजे काचेगुड़ा से रवाना होगी. यह ट्रेन अगले दिन इटारसी 21.00 बजे और भोपाल 23.10 बजे पहुंचेगी तथा तीसरे दिन दोपहर 13.00 बजे मदार पहुंचेगी. वापसी में 07733 मदार-काचेगुड़ा स्पेशल 28 दिसंबर 2025 को शाम 18.10 बजे मदार से प्रस्थान करेगी। यह अगले दिन भोपाल 10.10 बजे और इटारसी 12.10 बजे पहुंचेगी तथा तीसरे दिन सुबह 10.00 बजे काचेगुड़ा पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01082 बनारस-लोकमान्य तिलक स्पेशल बनारस से 12 दिसंबर को 19.40 बजे रवाना होगी और अगले दिन 13.50 बजे इटारसी पहुंचेगी। इसके बाद तीसरे दिन 06.25 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में 01081 लोकमान्य तिलक-बनारस स्पेशल 14 दिसंबर 2025 को 8.25 बजे प्रस्थान करेगी और 21.00 बजे इटारसी पहुंचकर दूसरे दिन 16.05 बजे बनारस पहुंचेगी।

# समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर




# आत्मनिर्भर और आधुनिक शहर

### मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों से विकास को गति

- 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों के विकास, औद्योगिक निवेश और रोज़गार वृद्धि तथा बेहतर अधोसंरचना के लिए इंदौर-उज्जैन-देवास-धार को मिलाकर तथा भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) से मिलकर बन रहे 2 मेट्रोपॉलिटन शहर
- भविष्य में और क्षेत्र भी बनेंगे मेट्रोपॉलिटन

### स्वच्छ हरित शहरों की ओर

- ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिये इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विकास
- इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी में स्मार्ट शहरों और आधुनिक आवासीय परियोजनाओं को स्वीकृति

### आधुनिक और सुविधाजनक परिवहन

- इंदौर में मेट्रो सेवा शुरू, भोपाल में जल्द शुरू होगा संचालन
- पीएम ई-बस सेवा अंतर्गत 6 शहरों में 550 से अधिक बस परिवहन
- शीघ्र शुरू होगी आधुनिक और सुलभ मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा

### हर शहरी गरीब को आवास की गारंटी

- पीएम आवास योजना (शहरी) अंतर्गत 8.61 लाख से अधिक परिवारों को पक्का आवास। PMAY-U2.0 के लिये 10 लाख नये आवास का लक्ष्य
- इस योजना में बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट में दूसरे स्थान पर मध्यप्रदेश

### स्वच्छ भारत मिशन में सबसे आगे

- इंदौर लगातार 8वीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर के सम्मान से पुरस्कृत, अपशिष्ट प्रबंधन के नवाचार में भी सबसे आगे 550 टन प्रतिदिन बायो CNG प्लांट से प्रतिवर्ष 1.30 लाख टन कार्बन डाई-ऑक्साइड उत्सर्जन में कमी
- 361 निकाय ओडीएफ++ प्रमाणित, उपयोगित जल के उपचार की हाईब्रिड कंस्ट्रक्टेड वेटलैंड, डी-वॉट्स आदि तकनीकों से बदला स्वच्छता का परिदृश्य

### हर घर में शुद्ध पेयजल

- अमृत योजना 2.0 अंतर्गत सभी नगरीय निकायों में 224 परियोजनाओं से जल आपूर्ति
- जल जीवन मिशन में 80 लाख+परिवारों को मिला नल कनेक्शन

### आजीविका से खुशहाली

- पीएम स्वनिधि योजना में 13.46 लाख शहरी स्ट्रीट वेंडर्स को ₹2078 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण, योजना में देश में प्रथम स्थान पर मध्यप्रदेश
- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में 65 हजार स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 6 लाख परिवार एवं 1.50 लाख से अधिक युवा कौशल प्रशिक्षण और रोज़गार से जुड़े

### जल गंगा संवर्धन अभियान, अनूठी पहल

- जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत 2.30 लाख से अधिक जल दूत पंजीकृत। 83 हजार से अधिक खेत तालाब, 1 लाख से अधिक कुएं रीचार्ज एवं 1 हजार से अधिक अमृत सरोवर बनाए

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

## डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

*हम अपने शहरों को आत्मनिर्भर निकाय के रूप में विकसित करने और नागरिकों को बेहतर और आधुनिक सेवाएं प्रदान करने वाले शहरों के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।*
*-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री*

D-11160/25 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025



## फिटनेस फंडा

### रिसर्च में खुलासा - रहें स्ट्रेस फ्री

# सिर्फ स्वस्थ ही नहीं रखती, डिप्रेशन में डूबने से भी बचाती है नियमित एक्सरसाइज

डिप्रेशन की जब भी बात आती है तो अधिकतर लोग इसे स्ट्रेस से जोड़कर देखते हैं लेकिन ये केवल तनाव नहीं है बल्कि इसमें व्यक्ति को लगातार उदासी की भावना बनी रहती है और उन एक्टिविटी से भी वो रुचि खो देते हैं, जिनसे कभी उन्हें बहुत खुशी मिलती थी। केवल इतना ही नहीं इससे आपको सोचने, याददाश्त, खाने और सोने में भी कठिनाई हो सकती है। डिप्रेशन का इलाज पूरी तरह से संभव है, डॉक्टर इसके लिए थेरेपी और दवाओं की मदद लेते हैं। इसके अलावा आप लाइफस्टाइल में कुछ सुधार करके भी खुद को स्ट्रेस फ्री रख सकते हैं, जिससे डिप्रेशन से छुटकारा पाने में मदद मिलती है।

अगर आप डेली एक्सरसाइज करते हैं तो यह आपको एंग्जायटी और डिप्रेशन से निपटने में मदद कर सकता है। स्टडी में भी पक्के सबूत मिले हैं कि व्यायाम अवसाद और चिंता को कम करने के लिए एंटीडिप्रेसेंट दवाओं की तरह ही काम करता है। आइए जानते हैं कौन सी एक्सरसाइज करने से आपको डिप्रेशन से छुटकारा मिल सकता है।

डिप्रेशन, जिसे हिंदी में अवसाद कहा जाता है, एक आम मूड डिसऑर्डर है। जिससे आज के समय में छोटे से लेकर वयस्क तक प्रभावित हो रहे हैं। यह आपमें उदासी की भावना जगाता है, जिससे आपको किसी चीज में मन लगाने में परेशानी होती है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (WHO) के मुताबिक, डिप्रेशन किसी को भी हो सकता है। लेकिन जो लोग दुर्व्यवहार, गंभीर नुकसान या अन्य स्ट्रेसफुल घटनाओं से गुजरे हैं उनमें डिप्रेशन विकसित होने की



संभावना अधिक होती है। रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अवसाद होने की संभावना अधिक होती है।

### एक्सपर्ट से सलाह जरूर लें

अगर आप खुद से स्ट्रेस को हैंडल या मैनेज नहीं कर पा रहे हैं तो आपको एक्सपर्ट से सलाह जरूर लेनी चाहिए, क्योंकि वो सही मार्गदर्शन से आपको डिप्रेशन से छुटकारा पाने में मदद करते हैं। अवसाद से आप केवल दवाइयों या थेरेपी से ही निजात नहीं पा सकते हैं बल्कि इसके लिए आपको अपनी लाइफस्टाइल में कुछ जरूरी बदलाव करने पड़ते हैं, जैसे कि पर्याप्त नींद लेना, संतुलित आहार लेना, दोस्तों व परिवार के साथ समय बिताना, और नियमित व्यायाम करना आदि। इन सभी आदतों से आपको बेहतर महसूस होता है और अकेलेपन की भावना दूर होती है। एक्सरसाइज करने से केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही बेहतर नहीं होता है बल्कि इससे आपकी मेंटल हेल्थ भी दुरुस्त होती है। डेली व्यायाम करने से आपको एंग्जायटी और डिप्रेशन के लक्षणों को दूर करने में भी मदद मिलती है। जी हां, अमेरिकी हेल्थ एक्सपर्ट और पब्लिक फिगर मार्क हाइमन ने अपनी एक पोस्ट में एक स्टडी के हवाले से बताया कि डेली रूटीन में एक्सरसाइज शामिल करना आपको कई सारे बेनिफिट दे सकता है। यह अवसाद और चिंता के इलाज के लिए एंटीडिप्रेसेंट और थेरेपी के साथ-साथ और कभी-कभी उनसे बेहतर भी काम करता है।

### मूवमेंट करना है जरूरी

मेंटल हेल्थ सुधारने के लिए बस आपको खुद को फिजिकल तौर पर एक्टिव रखना है। क्योंकि फिजिकल एक्टिविटी करना आपके दिमाग के लिए शक्तिशाली औषधि की तरह काम करता है। अध्ययन से पता चला कि सभी प्रकार की शारीरिक गतिविधि मानसिक स्वास्थ्य में मदद करती है भले ही वो स्ट्रेंथ ट्रेनिंग हो या फिर एरोबिक एक्सरसाइज जैसे कि रनिंग या साइकिल चलाना, योग और यहां तक कि पैदल चलना। आप जितनी अधिक मेहनत करेंगे, आपको उतने ही अधिक लाभ देखने को मिलेंगे।

### क्या है स्टडी का निष्कर्ष?

128,119 प्रतिभागियों के साथ 1,000 से अधिक क्लिनिकल ट्रायल्स की 97 समीक्षाओं का विश्लेषण करने वाले शोध में पाया गया कि एक्सरसाइज एंग्जायटी और डिप्रेशन को कम करने के लिए अवसादरोधी दवाओं जितना ही प्रभावी है। कभी-कभी उनसे भी बेहतर काम कर सकता है। और ऐसा नहीं है कि आपको किसी एक स्पेसिफिक एक्सरसाइज को डेली करना है बल्कि सभी प्रकार की फिजिकल एक्टिविटी प्रभावी ढंग से मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाने का काम करती है।

## जीवन-दर्शन

# एक-दूसरे पर विश्वास नहीं होगा तो टिक नहीं सकेगा समाज

**रमेश भाई ओझा**
आध्यात्मिक गुरु

वर्तमान में सबसे ज्यादा तंगी किस चीज की है, इस पर गौर करें तो हर कोई अलग-अलग समस्या गिनाएगा। कोई पीने के पानी की, तो कोई बिजली, शिक्षा, चिकित्सा की। मध्यम वर्गीय महिलाओं से पूछेंगे तो कहेंगी खाना बनाने वाली गैस की तंगी है। आज भी दूरदराज इलाकों में अनेक ऐसे गांव हैं जहां महिलाओं को पीने का पानी भरने के लिए सिर पर मटका रख दूर जाना पड़ता है। लिहाजा हर इंसान को किसी न किसी चीज की तंगी है। मेरे मत से आज सबसे ज्यादा तंगी है विश्वास की। कोई किसी पर विश्वास नहीं करता। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब लोगों का एक-दूसरे पर विश्वास नहीं होगा तो यह समाज टिकेगा कैसे। स्थिति यह है कि ईश्वर पर भरोसा रखने वाले मनुष्य का, दूसरे मनुष्य पर भरोसा नहीं। इतनी हद तक चरित्र का पतन हुआ है। जानते हो इसका परिणाम क्या होगा? इससे इंसान टूट जाएगा और समाज बिखर जाएगा। विश्वास की खेती हमें हर क्षेत्र में करनी होगी। खाना खाने से फूड पॉयजनिंग नहीं होगा, यह विश्वास करके ही हम होटल में खाना खाने जाते हैं। ट्रेन का ड्राइवर रात में सोएगा नहीं वह सावधानी से ट्रेन चलाएगा, इस विश्वास पर हम ट्रेन में सफर करते हैं। पायलेट सावधानी से प्लेन टेक ऑफ और लैंडिंग करेगा, उसे सावधानी से उड़ाएगा, इसी विश्वास से हम प्लेन में बैठते हैं। हमारे चिंतक विश्वास के साथ-साथ श्रद्धा को भी महत्व देते हैं। आप विश्वास रखोगे



तो सामने वाले व्यक्ति की जिम्मेदारी बढ़ जाएगी। यह बात जीवन में याद रखने जैसी है। आप विश्वास रखोगे तो पत्थर भी परमेश्वर बन जाता है, तो फिर इंसान क्यों नहीं अच्छा इंसान बन सकता! यह श्रद्धा ही तो है कि सदियों से द्वारका में बिराजते द्वारकानाथ के दर्शन करने देशभर से भक्त आते हैं। जिन लोगों की श्रद्धा नहीं, वह पत्थर की प्रतिमा में ईश्वर के होने पर संदेह और उल्टे सीधे सवाल करते हैं पर श्रद्धा रखनेवाले को पत्थर की प्रतिमा में भी परमेश्वर के दर्शन होते हैं। जीवन में यह बात ध्यान रखने की है कि विश्वास और श्रद्धा रखना, छोड़ना मत। विश्वास व्यक्ति को सज्जन बनने की प्रेरणा देता है। व्यक्ति के अंदर बसी इंसानियत पर विश्वास करना सीखो। आपका भाव और श्रद्धा का संचय होगा तो स्कूल का शिक्षक नौकरी करने वाला नहीं, गुरु दिखेगा। दोष देखना हो तो खुद के देखो। अन्य के नहीं। समाज को एक शिक्षक में गुरु की प्रतिष्ठा करनी चाहिए। गुरु पर अपनी भावना और श्रद्धा हमको तारेगी। भारतीय समाज संवेदनशील स्वभाव वाला है। इसकी संवेदना की तीव्रता इतनी अधिक होती है कि एक बार कंठी पहनी कि गुरु को भगवान स्वरूप ही मानते हैं। गुरु तो आखिर मनुष्य ही है। फिर भी गुरु में कोई खामी हम नहीं देखते। उस पर पूरा विश्वास रखते हैं। उसके प्रति सच्ची श्रद्धा रखते हैं। हमारे इस भाव का फायदा हमें होता है। यही बात शिक्षकों के साथ है। समाज अगर शिक्षक पर भरोसा करेगा तो फायदा समाज का ही होगा। ऐसा करने से श्रद्धा और भरोसा करने वाले भाव को प्रतिष्ठा देने वाले पूर्ण गुरु प्रगटेंगे।

## सितारों की बात

सप्ताह का राशिफल दिनांक 14 दिसंबर से 21 दिसंबर तक

**पंडित विष्णु राजौरिया**

**मेष** राशि के जातक आगामी सप्ताह में उत्तम सफलता प्राप्त करेंगे लेकिन घर परिवार की कुछ निजी समस्याएं उनको मानसिक कष्ट दे सकती हैं ऐसे समय में आध्यात्मिक उपाय इष्ट देव की साधना गुरुजनों की शरण जैसे उपाय एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर कार्य करने से मन शांत होगा।

**वृषभ** राशि के जातक आगामी सप्ताह में अपने कार्यों में उत्तम सफलता प्राप्त करेंगे युवा एवं रोजगार की तलाश में जुटे बेरोजगार अपने लक्ष्य के प्रति सजगता रखें तो उनको उत्तम स्टार की सफलता प्राप्त होने के संकेत मिल रहे हैं आगामी दिनों में आपको कुछ बड़ी सफलताएं भी मिल सकती हैं।

**मिथुन** राशि के जातक आगामी सप्ताह में कुछ आर्थिक परेशानी का अनुभव कर सकते हैं व्यापार व्यवसाय अथवा जो भी आपका कार्य क्षेत्र है उसे धनागम में कुछ बढ़ाएं उपस्थित हो सकती हैं रुका हुआ धन प्राप्त करने में विलंब एवं जहां से नियमित धन प्राप्त होता है वहां भी कुछ व्यवधान आ सकता है।

**कर्क** राशि के जातक आगामी सप्ताह में भ्रमण मनोरंजन मांगलिक कार्य अथवा धर्म स्थलों की यात्रा में व्यस्त रह सकते हैं आपके घर परिवार के सदस्यों और निजी लोगों के साथ उत्तम स्थान पर भ्रमण करने का अवसर प्राप्त होगा घर परिवार का साथ मिलने से आपके मन में प्रसन्नता का भाव रहेगा व्यापार व्यवसाय करने वाले जातकों को आर्थिक लाभ उत्तम स्टार का होने के संकेत मिल रहे हैं।

**सिंह** राशि के जातकों को आगामी सप्ताह में संभाल कर चलने की आवश्यकता बनी रहेगी विशेष रूप से आर्थिक कर्म से आपके मन में चिंता अथवा अशांति का भाव रह सकता है निकट के परिजनों की आवश्यकता एवं वर्तमान परिस्थिति जन्य कर्म से आपको कठिनाई का अनुभव होगा ऐसे समय में अपने निकट के मित्रों का सहयोग आपको संबल प्रदान करेगा।

**कन्या** राशि के जातकों को आगामी सप्ताह में मिश्रित सफलता मिलने के संकेत बने हुए हैं आपकी कार्य क्षेत्र में व्यस्त था बढ़ेगी जिम्मेदारी एवं दायित्व पूर्ण स्थान प्राप्त होने के संकेत मिल रहे हैं।

**तुला** राशि के जातकों को आगामी सप्ताह में उत्तम सफलता मिलने के संकेत हैं यदि आप सामाजिक राजनीतिक एवं राजकीय कार्यों में संलग्न है तो आपका अधिकार क्षेत्र में वृद्धि होगी पद प्रतिष्ठा बढ़ेगी आए के साधन भी बढ़ेंगे घर परिवार में सुखद और मांगलिक वातावरण निर्मित होने के संकेत मिल रहे हैं।

**वृश्चिक** राशि के जातकों को आगामी सप्ताह हमें उत्तम सफलता मिलने के संकेत मिल रहे हैं आपके द्वारा विगत दिनों किए गए परिश्रम एवं सहयोग से आपके विशिष्ट कार्य संपन्न हो सकते हैं परिणाम स्वरूप मान सम्मान प्रतिष्ठा पदोन्नति जैसे कार्य संपन्न होंगे।

**धनु** राशि के जातकों को आगामी सप्ताह में भी सावधानी की आवश्यकता बनी रहेगी आपके द्वारा किए गए कार्यों से किसी भी व्यक्ति को असंतोष उत्पन्न हो सकता है अतः अपनी वाणी और अपने कार्यों को नियंत्रित कर कर कार्य करें आर्थिक हानि भी कष्ट दे सकती है आई और व्यय में संतुलन वाणी पर नियंत्रण वाहन आदि चलाने में भी विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता बनी हुई है।

**मकर** राशि के जातक विगत दिनों की अपेक्षा इस सप्ताह में उत्तम सफलता प्राप्त करेंगे आपके द्वारा किए गए कार्यों से आपके घर परिवार को सुखद वातावरण मिलेगा।

**कुंभ** राशि के जातक आगामी सप्ताह में अत्यधिक व्यस्तता का अनुभव कर सकते हैं मान सम्मान एवं प्रतिष्ठा बढ़ेगी किसी नई विशेष जिम्मेदारी मिलने के भी संकेत मिल रहे हैं। कार्यभार की अधिकता में स्वास्थ्य खान-पान एवं दिनचर्या पर संतुलन बनाकर रखने की आवश्यकता रहेगी।

**मीन** राशि के जातकों को अभी भी संभाल कर रहने की आवश्यकता बनी हुई है विशेष रूप से 50 वर्ष की आयु से अधिक उम्र के जातक एवं जाति कैन दिनचर्या में रहन-सहन में अपने कार्यों में विशेष सावधानी रखें।

## हेल्थ टिप्स

# युवाओं के बीच नया ट्रेंड- फेक फास्टिंग हेल्दी फेट और फाइबर वाला भोजन



अपनी उम्र से कम दिखना और फिट नजर आना लगभग हर किसी की चाहत होती है। इसी चाहत ने कई नए ट्रेंड को जन्म दिया है, जिसमें फेक फास्टिंग काफी चर्चा में है। सोशल मीडिया पर इस बात का दावा हो रहा है कि फेक फास्टिंग से बिना भूखे रहे भी वजन घटाया जा सकता है। क्या फेक फास्टिंग सच में हमारे शरीर पर काम करती है या सिर्फ एक मार्केटिंग का तरीका है? हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार फेक फास्टिंग हमारे शरीर को भ्रम में डालती है कि हम फास्टिंग कर रहे हैं जबकि हम स्मार्ट और सीमित तरीके से कुछ पोषक तत्व ले रहे होते हैं। डॉ. मंजरी चंद्रा, कंसलटेंट क्लिनिकल एंड फंक्शनल न्यूट्रिशन, मैक्स हॉस्पिटल, गुरुग्राम के मुताबिक, फेक फास्टिंग से हमारा शरीर फैट बर्निंग मोड में चला जाता है और इंसुलिन कंट्रोल जैसी एक्टिविटीज करने लग जाता है। हर फिटनेस ट्रेंड सभी के लिए सुरक्षित नहीं होता। फेक फास्टिंग एक ऐसे डाइट पैटर्न को कहते हैं, जिसमें बहुत कम मात्रा में कैलोरीज मौजूद होती हैं लेकिन इसे करने वाला व्यक्ति भूखा भी नहीं रहता। इसमें हम अपने शरीर को इतना ही खाना देते हैं, जिसमें सर्वाइव कर सकें। आमतौर पर फेक फास्टिंग में लोग 400 से 500 कैलोरी तक लो प्रोटीन और लो कार्ब वाले फूड आइटम का सेवन करते हैं, जिसमें हेल्दी फैट और फाइबर शामिल होते हैं। फेक फास्टिंग के दौरान खाने का चुनाव बहुत ही सोच समझकर किया जाता है। फेक फास्टिंग में आप पेट भरकर खाना खाने की बजाय शरीर को इतना ही खाना देते हैं जिससे शरीर को जरूरी पोषक तत्व मिल जाए और शरीर को लगे कि वह फास्टिंग पर है। फेक फास्टिंग में आमतौर पर लोग सब्जियों का हल्का सूप, स्टीम्ड सब्जियां, ग्रीन टी, हर्बल टी, नींबू पानी या थोड़ी मात्रा में नट्स का सेवन करते हैं।

**वजन घटाने में मिलती है मदद:** फेक फास्टिंग फैट लॉस करने में मदद करती है। जब कार्ब्स और कैलोरी बहुत कम मात्रा में आपके शरीर में जाते हैं तो शरीर ग्लूकोज की जगह स्टोर्ड फैट को एनर्जी के रूप में इस्तेमाल करने लगता है। इससे इंसुलिन लेवल कंट्रोल में रहता है। पानी की सूजन कम होती है और फैट बर्निंग की प्रक्रिया तेज हो जाती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, शुरुआती वजन के घटने में कुछ हिस्सा पानी का भी होता है। अगर फेक फास्टिंग के दौरान आप गलत डाइट लेते हैं तो इससे वजन बढ़ भी सकता है। इसे एंटी एजिंग से भी जोड़ा जाता है क्योंकि यह ऑटोफैगी प्रक्रिया को एक्टिव कर सकती है। ऑटोफैगी में हमारा शरीर खराब और पुरानी सेल्स को हटाकर नई सेल्स बनाता है। फेस फास्टिंग से सेल रिपेयर बेहतर होता है। स्किन ग्लो में सुधार आता है। एनर्जी लेवल में बढ़ोत्तरी होती है और शरीर में सूजन कम होता है। कुछ खास लोगों के लिए फेक फास्टिंग बहुत फायदेमंद होती है। जिन लोगों को इंटरमिटेंट फास्टिंग करना मुश्किल लगता है या जिनका इन्सुलिन रेजिस्टेंस बढ़ा हुआ है उन्हें फेक फास्टिंग करना चाहिए। जिनका वजन काफी ज्यादा है और शुगर और जंक फूड से ब्रेक लेने वालों के लिए फेक फास्टिंग बेहतरीन ऑप्शन है। सही गाइडेंस में फेक फास्टिंग कीजाए तो मेटाबॉलिज्म में सुधार होता है और खाने की क्रेविंग भी कम होती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार यह हर व्यक्ति के लिए सुरक्षित नहीं है।

## टेक्नो - अपडेट

# एआई की वजह से मार्केट में हो रही रैम की कमी, नए साल में महंगे होंगे मोबाइल-लैपटॉप

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई का इस्तेमाल दुनिया भर में तेजी से बढ़ रहा है। हालिया रिपोर्ट्स में सामने आया था कि एआई मॉडल चेट जीपीटी का ऐप सबसे ज्यादा डाउनलोड किया गया है। इससे स्पष्ट है कि एआई की मांग तेजी से बढ़ रही है। हालांकि इसके कारण दुनिया भर में कंप्यूटिंग पावर की जरूरत भी बढ़ रही है। एआई कंपनियां ज्यादा से ज्यादा रैम खरीद रही हैं, जिससे रैम की कमी हो गई है। नतीजा यह है कि अब कंप्यूटर, लैपटॉप और मोबाइल फोन की कीमतें बढ़ने वाली हैं। एआई के बड़े मॉडल चलाने के लिए बहुत ज्यादा रैम की जरूरत पड़ती है। अब कंपनियां इसकी सप्लाई पर कब्जा कर रही हैं। रैम अब महंगी हो गई है और इसका असर रोजमर्रा के गैजेट्स पर पड़ रहा है। एआई की दुनिया के बड़े नाम जैसे ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन और एक्सएआई के एलन मस्क हमेशा ज्यादा कंप्यूटिंग पावर की बात करते हैं। उनके बड़े एआई सिस्टम को चलाने के लिए तेज प्रोसेसर के साथ-साथ बहुत ज्यादा रैम चाहिए। पहले ग्राफिक्स कार्ड की कमी हुई थी, अब रैम की बारी है। एआई की ट्रेनिंग और इस्तेमाल दोनों में रैम बहुत जरूरी है। एक नॉर्मल लैपटॉप में 16 या 32 जीबी रैम काफी होती है, लेकिन एआई मशीनों में हजारों जीबी रैम लगती है। कई मशीनें मिलाकर टेराबाइट्स में रैम इस्तेमाल करती हैं।



दुनिया की तीन बड़ी रैम बनाने वाली कंपनियों में से एक माइक्रॉन ने इसी महीने ऐलान किया है कि वह अब आम लोगों के लिए रैम नहीं बेचेगी। माइक्रॉन के बिजनेस चीफ सुमित सदाना ने कहा कि एआई डेटा सेंटर की वजह से मेमोरी की मांग बहुत बढ़ गई है। इसलिए वे बड़े ग्राहकों पर ध्यान देंगे। फरवरी 2026 तक पुरानी सप्लाई चलेगी, लेकिन उसके बाद क्रूशियल प्रोडक्ट्स बाजार से गायब हो जाएंगे। सैमसंग और एसके हाइनिक्स, जो रैम मार्केट के बड़े प्लेयर हैं, वे भी एआई कंपनियों को तरजीह दे रही हैं। ये कंपनियां हाई बैंडविथ मेमोरी यानी एचबीएम बना रही हैं, जो एआई के लिए खास है।

## अजब - गजब

# जमीन के अंदर एक गांव, जहां कभी रहते थे सैकड़ों लोग, अब बन गया म्यूजियम

भारत में हजारों गांव हैं और आप कभी न कभी, किसी न किसी गांव में गए ही होंगे। इन तमाम गांवों में हरियाली, पेड़-पौधे, कच्चे-पक्के मकान, मवेशी आदि नजर आ जाते हैं। पर दुनिया में एक ऐसा भी गांव रहा है, जो आसमान की छांव में नहीं, जमीन के नीचे रहा है। इस गांव में कभी सैकड़ों लोग रहते थे। जमीन के नीचे ये गांव करीब 200 किलोमीटर लंबी सुरंग में बना था और नीचे ही स्कूल-अस्पताल जैसी सुविधाएं भी मौजूद थीं। इंस्टाग्राम यूजर सारा एक ट्रैवल कंटेंट क्रिएटर हैं। उन्होंने हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें वो दुनिया के एक अनोखे गांव के बारे में जानकारी दे रही हैं। दरअसल, ये गांव वियतनाम के कू-ची टनल में हैं। वियतनाम युद्ध के दौरान इसे सैनिकों और अन्य नागरिकों ने छुपने की जगह बनाया था। वो सालों तक इसके अंदर रहे और अमेरिकी सैनिकों को भनक भी नहीं लगी। जमीन के नीचे मौजूद इस टनल को इतना संकरा बनाया गया था कि इसमें दुश्मन सैनिक आसानी से न घुस पाएं। इसके अलावा छोटे-छोटे कमरे भी थे जहां पर स्कूल चलता था, अस्पताल थे और जरूरत की अन्य चीजें भी मौजूद थीं। यही नहीं, दुश्मन सैनिकों को चकमा देने के लिए सुरंग थीं



और कांटे लगे ट्रैप भी थे जिससे सैनिक उसी में फंस कर मर जाएं। कुछ टनल इतने घहरे थे कि बम तक उन्हें नष्ट नहीं कर पाए. उनमें सूरज की रोशनी तक नहीं जा पाती थी। हवा आने-जाने के लिए छोटे-छोटे छेद बनाए गए थे। आज गांव की जगह पर म्यूजियम बना दिया गया है जहां उसके इतिहास के बारे में जानकारी दी गई है। सारा का ये वीडियो वायरल है, इसे 63 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं और कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक ने कहा कि क्या वहां पर क्लॉस्ट्रोफोबिया महसूस नहीं होता? एक ने कहा- ये देखकर मुझे सांस नहीं आ रही है। बिना सन लाइट के ये लोग कैसे रहते होंगे।

## न्यूज विंडो

### सांसद माया नारोलिया ने संसद में उठाया गहराते जल संकट का मुद्दा



**नर्मदापुरम।** राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने आज संसद के उच्च सदन में मध्यप्रदेश के गहराते जलसंकट और तेजी से गिरते भूजल स्तर पर चिंताजनक चित्रण पेश किया। केंद्रीय भूजल बोर्ड के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि नर्मदापुरम, भोपाल, विदिशा, सागर, छिंदवाड़ा समेत कई जिले 50-60 प्रतिशत अर्ध-संकटग्रस्त हो चुके हैं।सांसद ने अनियंत्रित भूजल दोहन, वर्षा जल संचयन की कमी, नर्मदा सहित नदियों के तटों पर प्रदूषण और अवैध रेत खनन को मुख्य कारण ठहराया। ग्रामीण इलाकों में पेयजल की किल्लत, किसानों की सिंचाई परेशानी, सूखते बोरवेल और गर्मी में टैंकरों पर निर्भरता से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।जल शक्ति मंत्री से आग्रह करते हुए नारोलिया ने जलसंकट वाले जिलों में ग्राउंड वॉटर एक्शन प्लान तत्काल लागू करने, आर्टिफिशियल रिचार्ज संरचनाएं, स्टॉप डैम व पुनर्भरण कुओं का मिशन मोड में निर्माण, माइक्रो-इरिगेशन पर सब्सिडी बढ़ाने तथा नदियों पर अवैध खनन-प्रदूषण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।उन्होंने कहा, जल संरक्षण सरकारी जिम्मेदारी से कहीं आगे सामूहिक प्रयास का विषय है। समय रहते कदम न उठे तो हालात भयावह हो जाएंगे।

### सतलापुर में कल निकलेगी श्री महारूद्र महायज्ञ की ध्वजारोहण यात्रा

**मंडीदीप।** शहर नगर के उपनगर सतलापुर में निरंतर 11वें वर्ष आयोजित होने वाले श्री महारूद्र महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर हैं। यज्ञ की शुरुआत से पूर्व ध्वजारोहण यात्रा 5 दिसंबर को निकाली जाएगी। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए खेड़ापति मंदिर पहुंचेगी और वापस पिपलेश्वर मंदिर पर आकर समाप्त होगी। यज्ञ स्थल पर बने ध्वज स्थल पर ध्वज का रोपण किया जाएगा। गौरतलब है कि वार्ड क्रमांक 14 स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्री श्री 1008 श्री लाल बाबा जी के सानिध्य में 18 जनवरी 2026 से 23 जनवरी 2026 तक श्री महारूद्र महायज्ञ का आयोजन होगा। आचार्य पंडित दीपक पचौरी के आचार्यत्व में 15 ब्राह्मणों द्वारा यज्ञ संपन्न किया जाएगा, जबकि कथा व्यास पंडित जितेंद्र पाठक श्री राम कथा का वाचन करेंगे। प्रतिदिन शाम 6 बजे से नगर भंडारे का आयोजन भी होगा। यह पूरा आयोजन आदर्श पिपलेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान में नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से संपन्न किया जा रहा है।

### मंडीदीप में तीन दिवसीय आवास मेले का हुआ भव्य शुभारंभ



**मंडीदीप।** नगर की रियल स्टेट की सबसे प्रतिष्ठित कंपनी शीतल समूह ने फिर एक बार स्टेशन रोड़ हिमासु मेगा सिटी के पास लेकर आए है नगर की सबसे विकसित प्लाट ओर मकान की श्रखला जिसमें ग्राहकों को मिलेगा उनके बजट में उनके सपनो का मकान ओर प्लाट। शीतल समूह का ये पहला प्रोजेक्ट नहीं है इससे पहले भी बहुत बहुत प्रोजेक्ट जिसमें उनको अपार सफलता मिल चुकी है। शीतल समूह के प्रबंधक मनोज प्रधान ने बताया हमारे चार सफल प्रोजेक्ट जिसमें शीतल सिटी, शीतल मेघा, शीतल टाउन, शीतल होम्स, के बाद जनता और ग्राहकों के बीच में अपना विश्वास बनाए उसी की विश्वास को बनाए रखने के लिए हमारा नया प्रोजेक्ट आज लॉन्च किया जा रहा है। उम्मीद है कि आज के निवेश कल के लिए सुखद साबित होगा।

### इटारसी में मेगा एमएसएमई आउटरीच कैंप का हुआ आयोजन




**इटारसी।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को इटारसी में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विकास को बढ़ावा देने के लिए एक एमएसएमई आउटरीच कैंप का आयोजन होटल एक्सप्रेस 11 में किया। इस शिविर का शुभराम्भ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र प्रमुख राजकुमार सेन ने किया, उन्होंने स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देने और वंचित क्षेत्रों में समावेशी बैंकिंग सेवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए यूनियन बैंक की प्रतिबद्धता को दोहराया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रयास राष्ट्रीय आर्थिक विकास में योगदान देने के अपने व्यापक मिशन को दर्शाते हैं, जिसके तहत वह छोटे व्यवसायों के लिए ऋण तक आसान पहुंच को सक्षम बनाता है और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में बैंक के एमएसएमई विभाग प्रमुख जितेंद्र पाण्डे ने बैंक की विभिन्न योजनाओ यूनियन सेल्यूट, यूनियन सुविधा ,यूनियन नारी शक्ति, यूनियन सुपरफास्ट की जानकारी दी।

### क्षेत्र के बंटवारे को लेकर किन्नरों ने थाना परिसर में पीया फिनाइल



इटारसी। शहर में किन्नरों के दो गुटों के बीच इलाके के बंटवारे को लेकर दो माह से चल रहे विवाद ने शनिवार को हिंसक रूप ले लिया। दोपहर में एक गुट के गुंडों ने ग्वाल बाबा नाला मोहल्ला निवासी शेख शरीफ (नीलोफर गुट के मुंहबोले भाई) पर रेलवे माल गोदाम रोड पर कैंची से जानलेवा हमला कर दिया। शरीफ लहूलुहान हो गए, जिन्हें पहले सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया और बाद में निजी अस्पताल रेफर कर दिया।शाम को नाराज नीलोफर गुट के तीन किन्नरों–पिंकी मोरे, आसमा मोरे और तितली–ने थाने पहुंचकर पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप लगाते हुए फिनायल पी लिया। थाने के परिसर में ही वे चीखने-चिल्लाने और उल्टी करने लगे। पुलिस ने तुरंत उन्हें संभाला और सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

---

**नेशनल लोक अदालत:** समझौता राशि दो करोड़ से अधिक प्राप्त हुई

# 829 मामलों का निराकरण, अलग रह रहे पति-पत्नी साथ रहने का हुए तैयार



**गंजबासौदा। दोपहर मेट्रो**

न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं अन्य न्यायाधीशगण तथा तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अधिवक्तागण एवं न्यायालय के कर्मचारियों द्वारा न्यायालय कार्यक्रम में संचालित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में न्यायाधीश, अधिवक्तागण एवं पक्षकारों के द्वारा बढ़चढ़कर हिस्सा लिया गया, जिसके चलते न्यायालयों में राजीनामा योग्य, आपराधिक मामले, सिविल मामले, 138 परकम्य लिखित अधिनियम के मामले एवं मोटर व्हीकल एक्ट के मामलो में लगभग 250 प्रकरण का निराकरण किया गया और लगभग 64,40,000 रूपये का अवार्ड पारित किया गया है और इसी प्रकार लगभग 300 प्रीलिटिगेशन के प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा विद्युत अधिनियम के मामलों का भी निराकरण हुआ।

इस प्रकार आयोजित नेशनल लोक अदालत में कुल रखे गये प्रकरण (लंबित प्रलिटिगेशन) 5822 जिसमें से कुल 829 निराकृत हुए तथा समझौता राशि 2,47, 90,279 प्राप्त हुई। जिसमें 1072 व्यक्ति लाभान्वित किये गए ।

लोक अदालत में खास बात यह है कि एक दंपत्ति जिसमें पत्नी कंचन द्वारा अपने पति के विरूद्ध कई सालों से पृथक रहते हुए हिन्दू विवाह अधिनियम के तहत अपने पति मिथलेश रैकवार के विरूद्ध मामला प्रस्तुत किया गया था, जिसमें द्वितीय जिला न्यायाधीश हरप्रसाद बंशकार के द्वारा कई तिथियों में दोनों दंपतियों को समझाइश के बाद एक साथ रहने का प्रयास किया गया, जिस पर दोनों पति-पत्नी न्यायालय की बात को मानते हुए लोक अदालत में ही एक दूसरे को वरमाला पहनाकर आपसी राजीनामा करते हुए पुनः साथ-साथ रहने के लिए अपने घर को रवाना हुए। आयोजित लोक अदालत में हरप्रसाद वंशकार अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं राकेश कुमार ठाकुर प्रथम जिला न्यायाधीश, विमलेश मुडैया द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, रावेन्द्र कुमार सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, आफरीन युसुफजई तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, स्नो मारिया तिग्गा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा एवं अध्यक्ष अभिभाषक संघ संजीव चौहान, प्रदीप लाहोरी, राकेश अरोरा अधिवक्ता, श्री दिनेश असैया एडीपीओ, अंशुमन सुहाने एडीपीओ, उपमहाप्रबंधक विद्युत विभाग, बैंक के शाखा प्रबंधक नगरपालिका के अधिकारीगण व अन्य अधिवक्तागण सहित न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

---

**दोनों पक्षों पर केस दर्ज**

## कामायनी एक्सप्रेस में होमगार्ड जवान और डिप्टी सीटीआई के बीच मारपीट

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

बलिया से मुंबई जा रही कामायनी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में टिकट चेकिंग के दौरान डिप्टी सीटीआई (चीफ टिकट इंस्पेक्टर) और एक होमगार्ड जवान के बीच मारपीट हो गई। विवाद बिना टिकट यात्रा और जुर्माना न भरने को लेकर हुआ। इस दौरान होमगार्ड जवान ने डिप्टी सीटीआई को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद जीआरपी इटारसी में दोनों पक्षों की ओर से केस दर्ज किए गए। घटना शनिवार को रानी कमलापति से नर्मदापुरम स्टेशन के बीच हुई। सूचना मिलने पर आरपीएफ ने नर्मदापुरम में आरोपी होमगार्ड जवान को और इटारसी में उसके पिता को ट्रेन से उतार लिया। डिप्टी सीटीआई राजेश कुमार के मुताबिक, आरोपी यात्री खुद को मुंबई जीआरपी में पदस्थ बता रहा था। वे कुल चार लोग मुंबई जा रहे थे। उनके पास एस-6 कोच में केवल 26 नंबर की एक ही कन्फर्म टिकट थी। बाकी तीन लोगों का टिकट कन्फर्म नहीं था।फाइन भरने के लिए कहा तो वे बदसलूकी करने लगे, झूमाझटकी की और उनके पास रखा सामान भी छीन लिया। होमगार्ड ने मारपीट की। आरोपी होमगार्ड शिवम पिता ब्रजेश ने कहा कि वह मुंबई के बोरीवली में होमगार्ड है और अपने माता-पिता के साथ बोरीवली जा रहे थे। टीटी चेकिंग के लिए आए तो वे फाइन भरकर टिकट बनवाने को तैयार थे, लेकिन स्टाफ ने ऊंची आवाज में बात की और बदतमीजी शुरू कर दी। उन्होंने मारपीट नहीं की।जीआरपी थाना प्रभारी संजय चौकसे ने बताया कि डिप्टी सीटीआई राजेश कुमार की रिपोर्ट पर शिवम और उसके पिता ब्रजेश के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने तथा शासकीय कर्मचारी के साथ मारपीट करने की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। होमगार्ड शिवम की रिपोर्ट पर डिप्टी सीटीआई के खिलाफ मारपीट का मामला पंजीकृत किया गया।

---

## सिंगल और डबल गेम में भाग ले रहे 100 खिलाड़ी

**महेश्वर। दोपहर मेट्रो**



नगर में वर्षों बाद आयोजित कैरम प्रतियोगिता ने खेल प्रेमियों और दर्शकों के बीच खासा उत्साह पैदा कर दिया है। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं समाजसेवी गजराज यादव के तत्वावधान में पशु चिकित्सालय परिसर में चल रही इस प्रतियोगिता में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 100 खिलाड़ी सिंगल और डबल गेम में भाग ले रहे हैं। प्रतिदिन शाम होते ही परिसर में विद्युत व्यवस्था व टेंट की सुविधा के साथ तीन कैरम बोर्ड पर मुकाबले शुरू हो जाते हैं, जो देर रात तक चलते हैं।

कैरम प्रतियोगिता को देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में दर्शक भी पहुंच रहे हैं। खिलाड़ियों द्वारा किए जा रहे रोमांचक शॉट्स और कड़े मुकाबलों के चलते माहौल खेलमय बना हुआ है। प्रतियोगिता के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी जगदीश गोयल पुलिस बल के साथ समय-समय पर स्थल पर निगरानी कर रहे हैं। थाना प्रभारी गोयल ने बताया कि खेल को खेल भावना के साथ खेला जाना चाहिए। इसमें जीत-हार स्वाभाविक है, लेकिन किसी भी प्रकार की बदले की भावना नहीं होनी चाहिए। कैरम एक ऐसा खेल है जो मनोरंजन के साथ दिमाग को शांत और स्थिर रखता है।

आयोजक समाजसेवी गजराज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कैरम प्रतियोगिता प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्देश्य नगर में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। आयोजन समिति के सदस्य कमल मालवीय ने बताया कि कैरम केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह एकाग्रता, रणनीतिक सोच, हाथ-आंख के समन्वय और धैर्य को बढ़ाने वाला खेल है। यह सामाजिक बंधनों को मजबूत करता है और सभी आयु वर्ग के लिए उपयोगी है।

## अमरवाड़ा के भूमका घाटी में पाइप से भरा ट्रक खाई में गिरा

**छिंदवाड़ा। दोपहर मेट्रो**



अमरवाड़ा के भूमका घाटी में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पाइप से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में ट्रक चालक की पाइप के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और पाइप इधर-उधर बिखर गए। जानकारी के अनुसार ट्रक अमरवाड़ा से पाइपलाइन विस्तार के लिए पाइप लेकर ग्राम विसापुर जा रहा था। शनिवार क़ो जैसे ही ट्रक भूमका घाटी पहुंचा, अचानक चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया। तेज रफ्तार ट्रक सड़क से नीचे खाई में जा गिरा। हादसे में ट्रक चालक विजय सूर्यवंशी, निवासी सिहोरा, ट्रक के नीचे और पाइपों के बीच दब गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक तेज गति से खाई में गिरा, जिससे सामने का हिस्सा पूरी तरह टूट गया। हादसे के बाद चालक को बचने का मौका तक नहीं मिला और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## सतलापुर में देर रात हमलावरों ने दुकान में घुसकर की युवक की हत्या

**अजय आहूजा। मंडीदीप**



औद्योगिक शहर के सतलापुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात बाजार चौराहे पर स्थित एक पान मसाले की दुकान में घुसकर अज्ञात हमलावरों ने एक युवक पर धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि घटना के समय दुकान देर रात तक खुली थी और वहां कुछ युवक बैठे नशा कर रहे थे। हमलावर दुकान में घुसकर वारदात को अंजाम देने के बाद मोके से फरार हो गए।

मृतक की पहचान 30 वर्षीय संजय उर्फ टिल्लू तोमर, निवासी वार्ड नंबर 16 सतलापुर के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना रात करीब 1 बजे की है, लेकिन पुलिस को इसकी सूचना सुबह करीब 5 बजे मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल संजय को सरकारी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और हत्या के संदिग्धों की धरपकड़ के लिए टीमें गठित की हैं। खबर लिखे जाने तक हत्या के सटीक कारणों का पता नहीं चल सका था, हालांकि बाजार में चल रही चर्चाओं में इसे प्रेम प्रसंग से जोड़ा जा रहा है। एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस घटना के सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है, आरोपियों की तलाश जारी है।

**हॉकी महाकुंभ:** अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता का शुंभारंभ

## देश की डेढ़ दर्जन से अधिक टीमें ले रहीं हिस्सा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी- बैतूल का हुआ उद्घाटन मैच

**इटारसी। दोपहर मेट्रो**




भारतीय हॉकी के गौरवशाली इतिहास को समर्पित अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ आज, 14 दिसंबर को इटारसी में किया जाएगा। यह आयोजन नगर के खेल प्रेमियों के लिए उत्साह और गौरव का विषय होगा। इस महाकुंभ में देश के विभिन्न राज्यों और विभागों की डेढ़ दर्जन से अधिक प्रतिष्ठित टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में शामिल होने वाली प्रमुख आमंत्रित टीमों में दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर, साउथ सेंट्रल रेलवे सिकंदराबाद, उत्तर-मध्य रेलवे इलाहाबाद, दक्षिण-पश्चिम रेलवे बैंगलोर सहित आर्मी ग्रीन जालंधर, पाम्पोश राउरकेला, महाराष्ट्र इलेवन, रायपुर एकेडमी, साई बरेली, सैफई उत्तर प्रदेश, एफसीआई पुणे, अमरावती महाराष्ट, सीपीएमजी भोपाल, जबलपुर, इंदौर, बालाघाट की टीमें रहेंगी। शुभारंभ के अवसर पर दो रोमांचक मैच खेले जाएंगे। पहला उद्घाटन मैच ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी बनाम बैतूल तथा द्वितीय मैच- जबलपुर बनाम हरदा के मध्य खेला जाएगा। शुभारंभ के अवसर पर नगरपालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष, पार्षदगण, तथा हॉकी इटारसी के वरिष्ठ खिलाड़ी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे आयोजन समिति ने समस्त खेल प्रेमियों एवं नगरवासियों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

---

**मेट्रो एंकर** | लोगों को बताए जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ, वरिष्ठ नेताओं का किया सम्मान

# डॉ. मोहन यादव सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर निकाली धन्यवाद रैली

**सिरोंज। दोपहर मेट्रो**



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में जनकल्याणकारी सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने एक धन्यवाद रैली निकाली। विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में नगर के मुख्य बाजार में निकाली गई रैली में भाजपा के नेताओं ने सरकार की चहुमुंखी उपलब्धियों से नागरिकों को अवगत कराते हुए जनता जनार्दन की ओर से मुख्यमंत्री का धन्यवाद भी ज्ञापित किया। भाजपा के झंडे बैनर ओर नारेबाजी के साथ कठली बाजार से प्रारंभ हुई धन्यवाद रैली कोर्ट दरवाजे पर संपन्न हुई।

मुख्यमंत्री मोहन यादव सरकार के प्रति धन्यवाद रैली के समापन के पूर्व मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह ने भाजपा संगठन के वरिष्ठ वयोवृद्ध नेता मदनलाल चौरसिया तथा डॉ पी.के. विश्वास का शाल श्रीफल पुष्पमाला भेंट कर मिठाई खिलाकर सम्मान भी किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने आम जनता को भी लड्डू खिलाकर भाजपा सरकार के दो वर्ष की शुभकामनाएं दी। रैली के दौरान भाजपा नेताओं ने नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से नागरिकों को भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,भाजपा नेता रमेश यादव,हरीबाबू भार्गव,राजेंद्र गर्ग,संजय सोनी,नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ,मंडल महामंत्री हरिचरण अहिरवार, सुमंत मित्तल, प्रशांत पालीवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मुनीम गौरी, पार्षद सचिन शर्मा,राजा मियां, टीकाराम शाक्य,अजमल शेर खान, नीलम यादव,ओम सोनी,रिंकू यादव, विष्णु गर्ग,रोहित रघुवंशी,विमल साहू आदि कार्यकर्तागण प्रमुख रूप से शामिल थे।

## न्यूज विंडो

### कटरबाज गैंग ने युवक को मारी बीयर की बोतल, दुकानों में भी की तोड़फोड़



**सागर.** कटरबाज गैंग ने रात में जमकर उत्पात मचाते हुए शहर के मुख्य बाजार कटरा में दहशत फैलाई। बदमाशों ने माता मढ़िया, विजय टाकीज चौराहा, परकोटा वन-वे सहित तीन मढ़िया पर जमकर उत्पात मचाया. कटरबाजों को देख राहगीर दहशत में आ गए। नशे में धुत बदमाश कटरा बाजार से निकले, उन्होंने राह चलते एक युवक पर फूटी हुई बीयर की बोतल से हमला कर लहूलुहान कर दिया।आरोपियों ने दहशत फैलाने राह चलते लोगों से मारपीट करते हुए दुकानों में तोड़फोड़ की। विरोध में लोगों ने विजय टॉकीज से राहतगढ़ बस स्टैंड मार्ग पर स्थित माता मढिया पर चक्काजाम कर दिया। बदमाशों का यह उत्पात सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ है। गैंग ने कटरा मस्जिद के पास रात 8.30 बजे पहले दीपक उर्फ बिट्टू जैन पिता रमेश जैन का रास्ता रोककर मारपीट की। बिट्टू मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर घर लौट रहा था, इसी दौरान बदमाशों की गैंग ने उसका रास्ता रोककर हमला कर दिया। बिट्टू के पैरों पर बीयर की फूटी बोतल से हमला किया। इसके बाद सभी विजय टॉकीज होते हुए माता मढिया पहुंचे जहां राह चलते लोगों से मारपीट शुरू कर दी।

### नेवला से लड़ाई में कोबरा घायल उपचार कर जंगल में छोड़ा



**सिवनी मालवा।** कोबरा सांप और नेवले की लड़ाई में कोबरा सांप बुरी तरह से घायल हो गया जिसमे इंडियन स्पेक्टाकल कोबरा का ट्रीटमेंट सिवनी मालवा पशु चिकित्सालय में सहायक चिकित्सक गोविंद सराठे द्वारा किया गया ! घायल कोबरा को सर्पमित्र कल्लू लोधी ने लेकर आए जिसका सफल इलाज किया गया ! घायल सर्प को पांच टाके लगाऐ गए हैं कल्लू लोधी ने जानकारी देते हुए बताया कि नेवले और कोबरा सांप का आमना-सामना हुआ और दोनों में लड़ाई हो गई जिसमें सर्प कोबरा घायल हो गया कोबरा को पशु चिकित्सा लाया गया सहायक चिकित्सक ने घायल सांप कोबरा का इलाज किया गया ! कोबरा बुरी तरह से घायल हो गए था पांच टाके लगाऐ गए एवं इंजेक्शन भी लगाया गया सर्प मित्र कल्लू लोधी ने सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

### जंगल में तूफान वाहन में लगी आग चालक ने कूदकर बचाई जान



**मंडला।** जिले के टिकरिया थाना क्षेत्र में साल्हेपानी और हर्राटीकुर के बीच जंगल में एक तूफान वाहन में आग लग गई। शॉर्ट सर्किट के कारण लगी इस आग में वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। हालांकि, इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना बबलिया से लगभग 10 किलोमीटर दूर हुई। वाहन तुलसीराम पंद्राम का था, जिसे चालक ब्रजलाल पंद्राम चला रहा था। चालक साल्हेपानी स्थित अपने गृह ग्राम लौट रहा था, तभी बीजेगांव हर्राटीकुर से साल्हेपानी के बीच जंगल में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। हालांकि चालक ने कूदकर जान बचाई, लेकिन गाड़ी में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जनपद अध्यक्ष आशाराम भारतीया और जनपद सदस्य सुंदर लाल उरेंती तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। जनपद अध्यक्ष भारतीया ने संबंधित पुलिस अधिकारी को घटना की जानकारी दी और उचित कार्रवाई का आग्रह किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आंगनबाड़ी में खाने की थाली में मुंह मारती बकरी का वीडियो वायरल



**कटनी।** जिले से एक और चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे भोजन कर रहे हैं और उनके साथ बकरियां भी खाना खाती नजर आ रही हैं। ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम कोठी के सेहरा टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का वीडियो शनिवार को सामने आया। केंद्र एक जर्जर निजी भवन में संचालित हो रहा है। वीडियो में बच्चे मध्याह्न भोजन करते दिख रहे हैं, जबकि उनके ठीक पास बकरियां भी खाना खा रही हैं। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका दोनों ही मौके पर मौजूद नहीं थीं।

**सरकार के दो वर्ष पूर्ण** होने पर उपलब्धियों के संबंध में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रेसवार्ता को किया संबोधित

# सागर के आसपास 20 किमी क्षेत्र में बायपास रोड बनाने की प्रक्रिया शुरू, बीएमसी में न्यूरोसर्जरी विभाग को मंजूरी

**सागर। दोपहर मेट्रो**

सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार विकास के प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर रही है। सरकार द्वारा किसी भी क्षेत्र में कोई कमी नहीं छोड़ी गई है। उपमुख्यमंत्री आज सागर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। शुक्ल ने कहा कि विगत दो वर्षों में प्रदेश सरकार ने विकास कार्यों को गति प्रदान की है। केन-बेतवा लिंक परियोजना का कार्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से शुरु किया गया हैं। एक लाख करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली केन-बेतवा लिंक परियोजना के पूर्ण हो जाने से बुन्देलखंड के खेतों को सिंचाई के लिए जल एवं लोगों को पेयजल की उपलब्धता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी।



### कैंसर अस्पताल के लिए 70करोड़ रुपए स्वीकृत

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दमोह, पन्ना, छतरपुर, कटनी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना बुन्देलखंड को स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिली एक अभूतपूर्व सौगात है। जिला अस्पताल एवं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज को और आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाएगा। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में न्यूरोसर्जरी विभाग को मंजूरी से बीएमसी में सुपर स्पेशियलिटी फैकल्टी की उपलब्धता होगी जिससे सागर को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि बीएमसी में कैंसर अस्पताल के लिए 70 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए है। साथ ही कैंसर उपचार के लिए 50 करोड़ रुपए की मशीन भी लाई जा रही है। उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि पहले मध्यप्रदेश में अंग प्रत्यारोपण के लिए मरीजों को दूसरे प्रदेशों में जाना पड़ता था लेकिन वर्तमान में मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए सीएम केयर योजना चलाई गई है। अब मध्यप्रदेश में अंग प्रत्यारोपण के लिए अंग की उपलब्धता से मरीजों को त्वरित और समय पर अंग प्राप्त हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में अंगदाता को गॉड ऑफ ऑनर प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है। साथ ही अंगदान करने वाले अंगदाता के परिजनों को 26 जनवरी एवं 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सागर के आसपास 20 किलोमीटर क्षेत्र में बाईपास रोड बनाने के लिए भू-अर्जन समेत अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं शुरु हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि 2026 तक भोपाल-सागर फोर लाइन सड़क मार्ग का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो जाएगा एवं वर्ष 2027 तक शत प्रतिशत कार्य पूर्ण होकर सागर-भोपाल के मध्य फोरलाइन सड़क मार्ग की सुविधा मिलेगी।

### 29 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

प्रभारी मंत्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार कृषि, उद्योग, व्यापार, वाणिज्य, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। विगत दिनों खजुराहो में आयोजित कैबिनेट बैठक में अनेक हितकारी निर्णय लिए गए। सागर के मसवासी ग्रांट क्षेत्र में 1500 एकड़ क्षेत्र में एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण, सागर को विकास की दिशा में आगे ले जाएगा। इस औद्योगिक क्षेत्र के लिए लगभग 25000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होने कहा कि इस औद्योगिक क्षेत्र के लिए लगभग 540 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसके पूर्ण हो जाने से क्षेत्र के लगभग 29000 लोगों को रोजगार मिलेगा और क्षेत्र के आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### पत्रकारों पर गैरजरूरी मुकदमें होंगे समाप्त

पत्रकारों पर गैर जरूरी मुकदमों को जल्द से जल्द समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए संवेदनशील है, अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में सरकार द्वारा पदस्थापना अथवा उचित सहायता राशि प्रदान कर प्रकरणों का निराकरण करते हुए इस दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए शुरु की गई श्रद्धांजलि योजना की सराहना की। पत्रकार वार्ता में उपस्थित पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में अवैध शराब, नशा पर प्रभावी कार्रवाई करें। इस दौरान उन्होंने नशे से दूर रहने की अपील भी की।

## शिक्षक संघः प्रांतीय बैठक में संभागीय संगठन मंत्री का किया गया मनोनयन

**शहडोल। दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक गुना में संपन्न हुई। बैठक में संघ के संगठन विस्तार करते हुए सभी संभागों में संगठन मंत्री एवं सह संगठन मंत्री का मनोनयन किया गया, जिसमे शहडोल संभाग हेतु संगठन मंत्री पद पर अनूपपुर से डॉ. नरेंद्र कुमार पटेल, सह संगठन मंत्री पद पर शहडोल से श्री अनिल कुमार द्विवेदी एवं उमरिया से मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष विष्णु दास मिश्रा का मनोनयन संभाग से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर किया गया।

प्रांतीय बैठक में अखिल भारतीय संगठन मंत्री ने प्रत्येक विकासखंड में मंडल रचना पूर्ण करने हेतु 21 या 25 दिसंबर को जिला स्तरीय बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सदस्यता अभियान, संगठन की त्वरित सूचना प्रणाली तथा हमारा विद्यालय-हमारा तीर्थ अभियान पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा ने, नवशिक्षक संवर्ग को नियुक्त तिथि से वरिष्ठता, निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा, अर्जित अवकाश के नगदीकरण में समस्या सहित 7 मांगों का लिखित मांग पत्र सौंपा। जिला सचिव विनोद कुमार सिंह ने जनजातीय कार्य विभाग की ईअटेन्डेंस सहित, उच्च पदनाम,पारी बाहर पदोन्नति,की समस्या के लिए बड़ी प्रखरता से बात रखी। बधाईदाता में, महेंद्र त्रिपाठी प्रांतीय सचिव, अरुण मिश्रा आयाम प्रमुख, अनिल सिंह प्रांतीय संयोजक, रामशंकर मिश्रा संभागीय अध्यक्ष, हरिहर प्रताप सिंह संभागीय सचिव, रामकुमार राठौर संभागीय कोषाध्यक्ष, संजय निगम , सीलवंत तिवारी, कैलाश गौतम, त्रिभुवन सोनी, सुनील मिश्रा, अर्जुल खान, अभय द्विवेदी, मिथलेश शर्मा, रामनारायण तिवारी, अनिल तिवारी, एवं शिक्षक संघ के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

अनूपपुर में लोकतांत्रिक मर्यादा और मीडिया सम्मान पर सवाल

## प्रेसवार्ता में पत्रकारों को बैठने की जगह नहीं

**अनूपपुर। दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर अनूपपुर जिला जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित शासन की प्रेसवार्ता विवादों में घिर गई। शासन की उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी देने के आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक मंच और राजनीतिक मंच की सीमाएं धुंधली नजर आईं।



प्रेसवार्ता में प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार, जिला दंडाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, भाजपा जिला महामंत्री सहित कई भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों को अपनी सीटों से उठाकर भाजपा पदाधिकारियों को बैठाए जाने का मामला सामने आया, जिससे मीडिया जगत में तीव्र नाराजगी फैल गई। घटना से आहत कई पत्रकारों ने इसे अपनी पेशेवर गरिमा और सम्मान पर सीधा आघात बताते हुए प्रेसवार्ता का बहिष्कार कर दिया। शासन का औपचारिक कार्यक्रम कुछ ही देर में राजनीतिक विवाद में बदल गया। जब इस पूरे घटनाक्रम पर प्रभारी मंत्री से सवाल किया गया तो उनके यह कहने कि इस प्रेसवार्ता में भाजपा पदाधिकारी रहेंगे, ने विवाद को और गहरा कर दिया। पत्रकारों का कहना है कि यदि यह शासन की प्रेसवार्ता थी तो पत्रकारों को प्राथमिकता और सम्मान मिलना चाहिए था और यदि यह भाजपा का कार्यक्रम था तो उसे सरकारी जनसंपर्क कार्यालय द्वारा शासन की प्रेसवार्ता बताकर क्यों आयोजित किया गया। जनसंपर्क विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। यह घटना केवल कुर्सियों की अदला-बदली नहीं, बल्कि शासन, राजनीति और मीडिया के बीच संतुलन को लेकर गंभीर संकेत है। फिलहाल पूरे जिले में यह मुद्दा चर्चा का विषय बना हुआ है और पत्रकार स्पष्ट व लिखित स्पष्टीकरण की मांग कर रहे हैं।इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री एवं अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार, जिला दंडाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं भाजपा जिला महामंत्री सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चिंकारा का मांस पकाते दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**तेन्दूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चिंकारा का मांस पकाते हुए दो आरोपियों को अमले ने पकड़ा है। आरोपियों से चिंकारा का सिर, मांस और उपयोग किए हथियार को वन विभाग ने बरामद किया है। इस दौरान आरोपियों का एक साथी भागने में कामयाब रहा है। मामला दर्ज किए जाने के उपरांत शनिवार को आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। फरार आरोपी की तलाश में वन अमला जुटा हुआ है। बताया जा रहा है कि चिंकारा एक सड़क हादसे में घायल हुआ था, जिसके बाद आरोपियों ने उसे मारकर उसका मांस पका लिया।

मामला वन परिक्षेत्र झापन की बीट लकलका का है, जहां सड़क हादसे में चिंकारा घायल हो गया था। सूचना मिलने पर वन अमला को मौके पर पहुंचा तो सामने आया कि लकलका गांव के तीन युवक घूमन पिता सूरज यादव, राजेंद्र पिता धांदू



लोधी और अरविन्द यादव पिता हरलाल यादव घायल जानवर को उठाकर अपने साथ ले गए है। आगे तलाश किए जाने पर सामने आया कि आरोपियों ने चिंकारा की हत्या कर आधा शरीर जमीन में दबा दिया दिया है और शेष को पकाना शुरू कर दिया है। चिंकारा के सम्बन्ध में जानकारी न मिलने के बाद झापन रेंज का वन अमले ने टाइगर रिजर्व टीम से संपर्क किया और मौके पर डॉग स्क्वायड टीम पहुंची और खोजबीन शुरू की। डॉग सबसे पहले उस जगह पहुंचा जहां चिंकारा का आधा शरीर दबाया गया था। उसके आधार पर ही डॉग टीम को आरोपियों के घर तक लेकर पहुंच गया। घर पर टीम के पहुंचने पर अमले ने वहां घूमन यादव और राजेंद्र लोधी को मांस पकते हुए पाया। इसके आधार पर वन आमले ने आरोपियों से पूछताछ की तो सामने आया कि वह तीन लोग थे उनका एक साथी भाग गया है। 15 किलो मांस, कुल्हाड़ी की जब्ती और बयानों के आधार पर आरोपियों पर वन प्राणी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। अमले ने जब्त किए गए मांस को फोरेंसिक जांच के लिए वेटरनरी कॉलेज जबलपुर भेजा गया है जहां परीक्षण के बाद यह स्पष्ट होगा कि चिंकारा का शिकार किया गया है या फिर किसी वाहन से टकराने से उसकी मौत हुई है जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्यवाही होगी। कार्यवाही में एसडीओ बीपी तिवारी, झापन रेंजर नीतेश डहरिया, मुहम्मद शाकिर खान, परिक्षेत्र सहायक सुजीत सैनी, वनरक्षक सुंदर लाल जैन, त्रिवेंद्र सीग लोधी, डॉग स्क्वाड टीम प्रभारी प्रीतम अहिरवार की भूमिका रही

## शिक्षक की लापरवाही से परीक्षा से वंचित रही छात्रा

**बालाघाट।** लांजी में जवाहर नवोदय स्कूल इंट्रेंस परीक्षा में एक छात्रा शिक्षक की लापरवाही के कारण परीक्षा देने से वंचित हो गई। छात्रा जब अपने निर्धारित सेंटर पर पहुंची, तो उसे पता चला कि उसका वास्तविक सेंटर बालाघाट में है, जो 65 किमी दूर था।



परीक्षा के समय पर इतनी दूरी तय कर पहुंचना संभव नहीं था। यह घटना शनिवार को हुई, जब जिले के सभी 10 विकासखंडों में कक्षा छठी के लिए जवाहर नवोदय स्कूल प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। बाघाटोला के शासकीय प्राथमिक शाला में पांचवीं कक्षा की छात्रा रागिनी, पिता सवलराम फुलबांधे, भी परीक्षा देने पहुंची थी।

**मेट्रो एंकर** यादव महासभा ने किया स्वागत, पौधरोपण कर टीम हुई रवाना

# 3000 किमी साइकिल चलाकर तेंदूखेड़ा पहुंची पेडल टू प्लांट की चार सदस्यीय टीम, आठ वर्षीय बच्ची भी बनी टीम का हिस्सा

**तेंदूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**

तेंदूखेड़ा नगर मे आज चार सदस्यीय साइकिल की टीम पहुंची टीम में दो महिलाएं उनके कोच और एक आठ वर्षीय बेटी समलित है। ये सभी तीन हजार किलोमीटर से साइकिल चलाकर आ रहे हैं और अब भोपाल जाएंगे। उसके बाद बड़ोदा में अपनी यात्रा खत्म करेंगे। इस यात्रा मे मध्यप्रदेश के रायसेन जिले की एक महिला अंजना यादव भी समलित है। जो पूर्व मे रास्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी रह चुकी हैं और उन्होंने चोटी पर झंडा फहराया था।

अंजना यादव के आगमन की जानकारी लगते ही यादव महासभा के पदधिकारी और युवा सदस्य उनके स्वागत में पहुंच पुष्प हार देख सभी का स्वागत



किया बाद मे टीम के सभी सदस्य तेंदूखेड़ा दयोदय गौशाला पहुंचे। उन्होंने मवेशियों को लड्डू खिलाकर पौधरोपण किया और उसके बाद दमोह के लिया रवाना हुई। पेडल टू प्लांट टीम का नेतृत्व एवरेस्टर निशा और कोच निलेश बारोट कर रहे हैं, जो अरुणाचल प्रदेश से गुजरात तक के राष्ट्रीय साइक्लिंग अभियान के तहत डिंडोरी फिर जबलपुर और उसके बाद शनिवार को तेंदूखेड़ा पहुंची। यह यात्रा 31 अक्टूबर को प्रारंभ की गई थी और राष्ट्रनिर्माता सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित है। टीम के प्रमुख सदस्य निक्सा बारोट और अंजना यादव (भोपाल) भी इस हरित और फिटनेस मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। दोनों ही युवा एथलीट फिट इंडिया के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

तेंदूखेड़ा प्रवास के दौरान टीम ने फिट इंडिया का संदेश दिया और युवाओं, छात्रों व नागरिकों को फिटनेस अपनाने, पर्यावरण बचाने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। यह अभियान पूरे देश में हरित जीवनशैली, जलवायु जागरूकता और प्रकृति संरक्षण को बढ़ावा दे रहा है। पेडल टू प्लांट का मुख्य उद्देश्य है–देश को फिट बनाना, प्रकृति को सुरक्षित रखना और भारत को अधिक हरा-भरा बनना है ।इस टीम मे मध्यप्रदेश की एक बेटी अंजना यादव भी समलित हैं। रायसेन जिले के एक छोड़े से गांव सेमरी की निवासी है किन्तु सोच बड़ी होने के बाद अंजना ने एक इतिहास रचा है। उन्होंने अभी तक बीस अंतर्राष्ट्रीय पर्वतों पर चढ़ाई कर चुकी रायसेन जिले के सेमरी गांव की रहने वाली अंजना यादव पांच सालों से माउंटेनियर के रूप में सक्रिय हैं।

रतलाम के अब्दुल कादिर की उपलब्धि

# दुबई एशियन यूथ पैरा गेम्स में तीन गोल्ड सहित चार पदक




**रतलाम।** एक हादसे में बचपन में अपने दोनों हाथ गंवाने वाले रतलाम के दिव्यांग तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी ने दुबई में आयोजित एशियन यूथ पैरा गेम्स में चार पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने चार इवेंट में भाग लेकर तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक अपने नाम किए। उनकी इस उपलब्धि की खेल जगत और शहरभर में सराहना हो रही है।

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन

दुबई में आयोजित एशियन यूथ पैरा गेम्स में अब्दुल कादिर ने 50 मीटर बटरफ्लाई, 50 मीटर बैकस्ट्रोक और 100 मीटर फ्री स्टाइल इवेंट में पहला स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल जीते। इसके साथ ही उन्होंने 50 मीटर बटरफ्लाई इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रांज मैडल (रजत पदक) भी अपने नाम किया। चारों इवेंट में उनका प्रदर्शन चर्चा का विषय बना रहा।

### कोच के मार्गदर्शन में निखरी प्रतिभा

अब्दुल कादिर के कोच राजा राठौड़ के अनुसार, लगभग छह वर्ष की उम्र में हाईटेंशन लाइन से करंट लगने के कारण अब्दुल ने अपने दोनों हाथ खो दिए थे। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और एक वर्ष बाद तैराकी का प्रशिक्षण लेना शुरू किया। कोच के मार्गदर्शन में कुछ ही समय में उन्होंने तैराकी में दक्षता हासिल कर ली और प्रतियोगिताओं में लगातार सफलताएं प्राप्त करने लगे।

### एशियन यूथ पैरा गेम्स तक का सफर

दुबई में आयोजित यह पांचवां यूथ एशियन पैरा गेम्स था, जिसमें 18 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों का ट्रायल ग्वालियर में हुआ था, जहां देशभर से आए प्रतिभागियों में से अब्दुल कादिर सहित पांच-छह तैराकों का चयन दुबई एशियन यूथ पैरा गेम्स-2025 के लिए किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों के कुल 162 खिलाड़ी शामिल हुए थे।

### भविष्य की बड़ी प्रतियोगिताओं पर नजर

अब्दुल कादिर इससे पहले वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी हिस्सा ले चुके हैं, जिसमें ओलंपिक में कई पदक जीतने वाले जापान और चीन के तैराकों ने भाग लिया था। उस प्रतियोगिता में उन्होंने नौवीं रैंक हासिल की थी। उनके कोच और समर्थकों को उम्मीद है कि आगे वे सीनियर स्तर पर ओलंपिक और एशियन गेम्स में भी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### छत पर खेलते समय हुआ था हादसा

करीब 18 वर्षीय अब्दुल कादिर का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। वर्ष 2014 में रतलाम की कलीमी कॉलोनी स्थित अपने घर की छत पर खेलते समय वे हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए थे। हादसे में उनके दोनों हाथ खराब हो गए, जिन्हें अलग करना पड़ा। इस कठिन दौर के बाद उन्होंने तैराकी को अपनाया और उसे अपनी ताकत बनाया। दुबई प्रतियोगिता से पहले वे पैरा स्पोर्ट्स की राष्ट्रीय स्पर्धा में 9 गोल्ड और 3 सिल्वर मेडल भी जीत चुके हैं।

भारत-दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा टी20 मुकाबला आज

# धर्मशाला में शुभमन गिल के लिए आखिरी चांस? सूर्यकुमार को भी फॉर्म में करनी होगी वापसी

**धर्मशाला, एजेंसी**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को पांच मैचों की टी20 सीरीज का तीसरा मुकाबला धर्मशाला में खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच ये सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है और भारत अब सीरीज में बढ़त हासिल करने के इरादे से उतरेगा। भारत पहले दो मुकाबलों में एक ही एकादश के साथ खेलने उतरा है, ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम प्रबंधन इस मैच के लिए कोई बदलाव करता है या नहीं।

धर्मशाला में होने वाले तीसरे टी20 से पहले भारतीय ड्रेसिंग रूम का माहौल अचानक गर्म हो गया है। लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव और गिल अब सवालों के घेरे में हैं। तीसरे टी20 से लेकर टी20 वर्ल्ड कप तक भारत के पास सिर्फ आठ मैच बचे हैं। ऐसे में आलोचनाओं से घिरे मुख्य कोच गौतम गंभीर दो आउट-ऑफ-फॉर्म शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को एक साथ खिलाने का जोखिम नहीं उठा सकते। कप्तान होने के नाते सूर्यकुमार यादव को टी20 वर्ल्ड कप तक छूट मिल सकती है, भले ही वह पिछले एक साल से खराब फॉर्म में हों। लेकिन यही छूट शुभमन गिल को नहीं मिलेगी, क्योंकि वह टी20 ओपनर के रूप में पहली पसंद नहीं थे।



### तेज गेंदबाजों के अनुकूल होंगी परिस्थितियां

धर्मशाला की परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल होंगी। अभी तक तीन मैचों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या तेज गेंदबाजी आक्रामक संभाल रहे हैं, जबकि चौथे तेज गेंदबाज के तौर पर शिवम दुबे को मौका मिल रहा है। कुलदीप यादव दोनों ही मैचों में बाहर रहे हैं, इसका बड़ा कारण यह है कि टीम प्रबंधन आठवें स्थान तक बल्लेबाज रख रहा है। कुलदीप यादव ऐसे गेंदबाज रहे हैं जिन्होंने दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया है। धर्मशाला में भी कुलदीप को बाहर बैठना पड़ सकता है, क्योंकि वरुण चक्रवर्ती के साथ उन्हें खिलाने से बल्लेबाजी संतुलन बिगड़ सकता है। अर्शदीप सिंह का प्रदर्शन इस सीरीज में खास नहीं रहा है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या टीम प्रबंधन जसप्रीत बुमराह के साथ नई गेंद हार्दिक पांड्या को सौंपते हुए, कुलदीप यादव के लिए एकादश में जगह बना पाता है या नहीं?

### फॉर्म में नहीं आए तो मुश्किल हो सकती है गिल की राहें

गिल को सीरीज के बाकी बचे तीनों मैचों में एकादश में जगह मिलना लगभग तय है, लेकिन उनके लिए चीजें आसान नहीं है। टी20 विश्व कप अब सिर्फ छह सप्ताह दूर है और यह सलामी बल्लेबाज इन मैचों में अगर लय हासिल करने में विफल रहा तो टीम दूसरी योजना पर काम करने का मन बना सकती है। कप्तान सूर्यकुमार यादव की लंबे समय से चली आ रही खराब लय पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि उपकप्तान गिल अब तक भरोसा जगाने में नाकाम रहे हैं। संजू सैमसन जैसे स्थापित सलामी बल्लेबाज की कीमत पर टीम में शामिल किए गए गिल प्रभाव छोड़ने में संघर्ष करते नजर आए हैं।

### नंबर तीन पर दोबारा खेल सकते हैं कप्तान सूर्यकुमार

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दूसरे टी20 में बल्लेबाजी क्रम में प्रयोग करते हुए अक्षर पटेल को तीसरे स्थान पर उतारा था। इस फैसले की काफी आलोचना हुआ थी, लेकिन अब सूर्यकुमार फिर तीसरे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतर सकते हैं। सूर्यकुमार तीसरे स्थान पर खेलते हुए काफी सफल रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से फॉर्म में नहीं चल रहे हैं। सूर्यकुमार का लय में आना टीम के लिए जरूरी है। इसी तरह बल्लेबाजी क्रम में अत्यधिक फेरबदल के चलते शिवम दुबे को नंबर आठ पर भेजना भी एक कमजोर फैसला रहा, जिसे अगले मैच में सुधारने की जरूरत होगी।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11 इस प्रकार ह

**भारत:** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह/ कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती।

**दक्षिण अफ्रीका:** रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), एडेन मार्करम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवान फेरेरा, जॉर्ज लिंडे, मार्को यानसेन, लुथो सिपाम्ला, लुंगी एनगिडी, ओटेनिल बार्टमैन।

वर्ल्ड टेबल टेनिस फाइनल

## चीन को हराकर साउथ कोरिया ने जीता मिक्स्ड डबल्स का खिताब

**हांगकांग।** वर्ल्ड टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) फाइनल के मिक्स्ड डबल्स फाइनल में शनिवार को साउथ कोरिया के लिम जोंग-हून और शिन यू-बिन की जोड़ी ने चीन के ओलंपिक चैंपियन वांग चुकिन-संग यिंग्शा की जोड़ी को सीधे गेम में 11-9, 11-8, 11-6 से शिकस्त दी। पहले गेम में 11-9 से हारने के बाद, वांग और सन ने दूसरे गेम में लगातार चार अंक लेकर स्कोर 9-8 कर दिया, लेकिन साउथ कोरियन जोड़ी ने वापसी करते हुए 11-8 से जीत हासिल की। ??दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखा और तीसरे गेम में 11-6 से जीत हासिल करते हुए खिताब अपने नाम किया।



इससे पहले दिन में, टखने की चोट के कारण सन को हमवतन कुआई मान के खिलाफ महिलाओं के सिंगल्स सेमीफाइनल से हटना पड़ा था। कुआई ने तीसरे गेम में 12-10 से जीत हासिल कर 2-1 की बढ़त बना ली थी, जिसके बाद सन ने अपने टखने के दर्द के उपचार के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया। एक्शन में लौटने के बाद, दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी ने चौथे गेम में 11-7 से जीत हासिल करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। हालांकि, सन के टखने की चोट उन्हें परेशान करती रही। पांचवां गेम 11-3 से हारने के बाद, वह मुकाबले से हट गईं, जिसके साथ कुआई ने खिताबी मुकाबले में जगह बना ली।

महिला सिंगल्स में एक और ऑल-चाइनीज मुकाबले में वांग मान्यु ने चेन यी को 11-9, 11-3, 12-10, 11-8 से शिकस्त दी। कुआई के साथ मिक्स्ड डबल्स सेमीफाइनल में हार से उबरते हुए, लिन शिडोंग ने ऑल-चाइनीज पुरुष सिंगल्स क्वार्टरफाइनल में जियांग पेंग के खिलाफ 4-0 से जीत हासिल की।

## भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, उन्नति सहित 5 शटलर सेफा में पहुंचे

**कटक, एजेंसी**

उन्नति हुड्डा सहित पांच भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओडिशा मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्नति के अलावा तस्नीम मीर, इशारानी बरुआ, किरण जॉर्ज और रौनक चौहान ने अपनी लय जारी रखी। पुरुष एकल में दूसरे वरीय किरण ने रित्विक संजीव को 33 मिनट में 21-11, 21-17 से हराकर अपना दमखम बरकरार रखा। अब उनका मुकाबला रौनक से होगा, जिन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त हमवतन शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को 41 मिनट के कड़े मुकाबले में 21-19, 22-20 से हराकर उलटफेर किया।

इंडोनेशिया के मोहम्मद यूसुफ ने शीर्ष वरीयता प्राप्त थारुन मन्नेपल्ली को 49 मिनट में 21-9, 22-20 से हराया। महिला एकल क्वार्टर फाइनल में भी कुछ चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिले जहां सेमीफाइनल में चारों भारतीय खिलाड़ियों के पहुंचने से खिताब भारत के नाम पक्का हो गया। तान्या हेमंत ने तीसरी वरीयता प्राप्त और विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा को 39 मिनट में 21-18, 21-17 से हराकर चौंका दिया। उनका मुकाबला शानदार लय में चल रही साथी हमवतन इशारानी बरुआ से होगा। बरुआ ने छठी वरीयता प्राप्त अनमोल खरब को 41 मिनट में 21-16, 21-14 से हराकर अपनी शानदार लय बरकरार रखी।




### महिला युगल में भी मिली सफलता

शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा ने अनुपमा उपाध्याय को 21-16, 21-15 से हराकर अंतिम में प्रवेश किया। तस्नीम मीर ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की सातवीं वरीयता प्राप्त तुंग सिउ-टोंग को आसानी से मात देकर महिला एकल में सेमीफाइनल में पक्की की। महिला युगल में अश्विनी भट और शिखा गौतम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छठी वरीयता प्राप्त कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी को 21-12, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

शादी के लिए छोड़ा ग्लैमर वर्ल्ड, 11 साल बाद टीवी पर कमबैक कर रही रुचा

# राशि बेन के किरदार ने घर-घर किया फेमस

ग्लैमर वर्ल्ड की कई एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने शादी और बच्चे होने के बाद इंडस्ट्री से दूरी बना ली। इन्हीं हसीनाओं में से एक साथ निभाना साथिया फेम रुचा हसबनीस भी हैं। रुचा ने शो में राशि बेन का रोल निभाया था। राशि बेन के किरदार ने उन्हें घर-घर फेमस कर दिया था, लेकिन शादी के बाद उन्होंने इंडस्ट्री से दूरी बना ली। 11 साल बाद उनके कमबैक की चर्चा है, जिस पर एक्ट्रेस ने रिएक्ट किया है। पिछले कुछ दिनों से चर्चा है कि रुचा हसबनीस टीवी की दुनिया में वापसी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मैंने सिर्फ इतना लिखा था कि अच्छी चीजें आ रही हैं। लोगों ने उसे पिक किया और ये मान लिया कि मैं टीवी पर लौट रही हूं। यही नहीं, उन्होंने चैनल भी डिसाइड कर लिया। मेरे को-एक्टर्स, प्रोड्यूसर भी फाइनल हो गए। ये बहुत फनी और मजेदार था। पर इसमें कोई सच्चाई नहीं है। आगे वो कहती हैं कि मैं खुद भी टीवी को मिस कर रही हूं और इस पर लौटने के लिए एक्साइटेड हूं।



### पीक पर छोड़ी थी एक्टिंग

2014 में जब रुचा ने शादी करने का फैसला लिया, तो वो अपने करियर के पीक पर थीं। लेकिन शादी से 6 महीने पहले उन्होंने एक्टिंग छोड़ दी। इस पर एक्ट्रेस कहती हैं कि मैं जिंदगी के हर फेज को एंजॉय करना चाहती थी। मैंने शादी के चार साल बाद बेबी प्लान किया और उससे पहले अपने हसबैंड के साथ लाइफ खूब एंजॉय की। आज भी मुझे इस बात की खुशी है कि मैंने जो फैसला लिया, वो ठीक था। क्योंकि चीजें बिल्कुल वैसी हुईं, जैसे मैं चाहती थी। 2021 में मैंने एक शो के लिए हामी भरी थी, लेकिन मैं दूसरा बच्चा चाहती थी। मैं नहीं चाहती थी कि मेरे दोनों बच्चों के बीच में ज्यादा गैप हो। अब मेरी बेटी रूही 6 साल की हो चुकी है और बेटा तीन साल का हो गया है।

# लगा था काट खाएंगे

## जब अक्षय खन्ना को लेकर बोली थीं कटरीना कैफ, शरमाए एक्टर

बॉलीवुड एक्टर अक्षय खन्ना को उनकी फिल्म धुरंधर में शानदार परफॉरमेंस के लिए खूब प्यार मिल रहा है। इस बीच अक्षय के पुराने वीडियो भी सोशल मीडिया पर फिर से वायरल होने लगे हैं। अक्षय के इंटरव्यू से लेकर फिल्म तीस मार खान के सीन्स तक कई वीडियो इंटरनेट पर छाए हुए हैं। अब रेस के प्रमोशन का एक पुराना क्लिप भी सोशल मीडिया पर घूमने लगा है। इसमें कटरीना कैफ और अक्षय खन्ना साथ नजर आ रहे हैं।

वीडियो में कटरीना कैफ और अक्षय खन्ना हंसते हुए नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस अक्षय संग काम का एक्सपीरिएंस शेयर कर रही हैं। ऐसे में एक्टर शरमा रहे हैं। कटरीना कहती हैं, शुरू-शुरू में वो ज्यादा बात नहीं करते थे। तो मुझे लगता था कि ये



तो काट ही खाएंगे। लेकिन असल में वो पूरे स्वीटहार्ट निकले। उन्होंने मुझे शतरंज सिखाई। इसके लिए मैं उन्हें सचमुच थैंक यू कहना चाहती हूं। सीरियसली, फिल्म के दौरान हमने बहुत अच्छा टाइम स्पेंड किया। सैफ ने कल ही कहा था, लेकिन मुझे लगता है कि वो इस वक्त के सबसे बेहतरीन एक्टर्स में से एक हैं। उनके साथ काम करके मैंने बहुत कुछ सीखा। वो बहुत अच्छे इंसान हैं। जब कटरीना कैफ उनकी तारीफ करती रहीं तब अक्षय खन्ना मुस्कुराते रहे। उन्होंने सराहना के लिए कटरीना को धन्यवाद भी दिया। अक्षय खन्ना को अपने करियर के दौरान अपने को-स्टार्स से भरपूर प्रशंसा मिलती रही है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधर से उन्होंने साबित कर दिया है कि वो कमाल के एक्टर हैं। साल 2025 को अक्षय खन्ना की बॉलीवुड में सेकेंड इनिंग्स माना जा रहा है। इस साल की शुरुआत में उन्होंने फिल्म छावा में काम किया था। एक्टर मुगल शासक औरंगजेब के किरदार में नजर आए थे। तब भी उनके काम को पसंद किया गया।



मेट्रो बाजार

## जेपी मॉर्गन का भारत पर बड़ा दांव, 10 साल बाद चौथी ब्रांच खोलने की तैयारी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी बैंकिंग दिग्गज जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी करीब 10 साल बाद भारत में अपनी एक नई ब्रांच खोलने की तैयारी में है। यह कदम भारत जैसी तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था में उसकी गहरी रुचि को दर्शाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इसे पुणे में अपनी चौथी शाखा खोलने की मंजूरी दे दी है। यह नई ब्रांच मुख्य रूप से बड़े कॉर्पोरेट ग्राहकों को सेवाएं देने पर ध्यान देगी, जिसमें लेन-देन बैंकिंग सर्विसेज और टर्म लोन देने जैसी कई तरह की बैंकिंग सेवाएं मिलेंगी।

यह कदम ऐसे समय पर उठाया जा रहा है जब दुनिया के बड़े बैंक भारत में अपनी सेवाएं बढ़ाने की सोच रहे हैं, क्योंकि यहां की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से बढ़ रही है, कंपनियों का काम बढ़ रहा है, और लोन की मांग भी ज्यादा है। भारत का आर्थिक माहौल स्थिर होने के कारण यह विदेशी बैंकिंग कंपनियों के लिए एक अच्छे बाजार के रूप में उभर रहा है। इस महीने की शुरुआत में एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि हाल ही में सरकार ने एक नया बैंकिंग कानून (संशोधन) 2025 लाया है, जो भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को और भी बेहतर बनाएगा। इस नए कानून में बैंकों को आरबीआई के सामने एक जैसी रिपोर्टिंग सुनिश्चित करनी होगी, साथ ही सरकारी बैंकों में ऑडिट (जांच) गुणवत्ता में भी सुधार होगा। साथ ही यह अधिनियम नामांकन सुविधाओं में सुधार के माध्यम से जमाकर्ताओं और निवेशकों की सुरक्षा को बढ़ाता है। इसके अलावा, बैंकों के निदेशकों का कार्यकाल 8 साल से बढ़ाकर 10 साल कर दिया गया है।

## जीएसटी कटौती से महंगाई में राहत, सीपीआई मुद्रास्फीति 0.35 प्रतिशत घटने की उम्मीद

नई दिल्ली। जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) में कटौती की वजह से देश में महंगाई में अच्छी-खासी कमी आने की संभावना है। एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 26) में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई करीब 0.35 प्रतिशत (35 आधार अंक) तक कम हो सकती है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई में यह गिरावट मुख्य रूप से कम खाद्य कीमतों और टैक्स राहत की वजह से होगी।




एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, अच्छी खरीफ फसल, रबी की मजबूत बुवाई, जलाशयों में पर्याप्त पानी और मिट्टी में नमी के चलते खाद्य महंगाई लगातार कम बनी हुई है। इसी वजह से एसबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महंगाई का अनुमान घटाकर 1.8 प्रतिशत कर दिया है, जबकि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए यह 3.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही के लिए महंगाई का अनुमान भी पहले के मुकाबले 100 आधार अंक कम कर 3.9 प्रतिशत कर दिया गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी महंगाई को लेकर अपना अनुमान घटाया है। आरबीआई ने दिसंबर की मौद्रिक नीति में वित्त वर्ष 2026 के लिए महंगाई अनुमान 2 प्रतिशत कर दिया, जो पहले अक्टूबर में 2.6 प्रतिशत और फरवरी में 4.2 प्रतिशत था। केंद्रीय बैंक का मानना है कि ब्याज दरों में आगे का बदलाव आर्थिक आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा।

## न्यूज विंडो

### मोदी करेंगे तमिलनाडु का दौरा किसानों के साथ मनाएंगे पोंगल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु में बड़ा दांव खेलने जा रहे हैं। राज्य भाजपा सूत्रों के मुताबिक, वे 13 से 15 जनवरी तक तीन दिन के दौरे पर तमिलनाडु जाएंगे और किसानों के साथ पोंगल उत्सव मनाएंगे। यह पहली बार होगा जब पीएम मोदी तमिलनाडु में किसानों के साथ पारंपरिक फसल उत्सव में शामिल होंगे। यह दौरा पार्टी के लिए ग्रामीण वोटरों तक पहुंच बनाने और तमिल संस्कृति से जुड़ाव दिखाने की बड़ी कोशिश माना जा रहा है। भाजपा नेता इसे चुनावी तैयारी का अहम हिस्सा बता रहे हैं।तमिलनाडु भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि यह दौरा खास तौर पर पोंगल के इर्द-गिर्द प्लान किया जा रहा है। पीएम मोदी किसानों के साथ उत्सव मनाकर ग्रामीण इलाकों में पार्टी की पकड़ मजबूत करना चाहते हैं। एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, 'चुनाव नजदीक आने पर किसानों के साथ पोंगल मनाना एक मजबूत राजनीतिक और सांस्कृतिक संदेश देगा।' पार्टी का मानना है कि इससे कृषि मुद्दों पर फोकस दिखेगा और तमिल परंपराओं से जुड़ाव मजबूत होगा।



### मेसी के इवेंट में बवाल पर असम सीएम बोले-ममता की गिरफ्तारी हो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता मेंफुटबॉलर लियोनेल मेसी के कार्यक्रम में हंगामे को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने ममता सरकार पर निशाना साधा है। हिमंता बिस्वा सरमा ने ममता बनर्जी की गिरफ्तारी की मांग की है। उनका कहना है कि ममता सरकार भीड़ को नियंत्रण करने में नाकामयाब साबित हुई है। अधिकारियों से घिरे होने के कारण भारी संख्या में जुटे लोग उन्हें देख तक नहीं सके।हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, 'जुबीन गर्ग की मौत के बाद गुवाहाटी की सड़कों पर 3 दिन तक 10 करोड़ से भी ज्यादा लोग मौजूद थे, लेकिन कोई गड़बड़ नहीं हुई। सबकुछ शांति से खत्म हुआ। लगभग 50 हजार लोग अंतिम संस्कार में गए थे, लेकिन कोई हादसा नहीं हुआ। मुंबई में महिला विश्व कप फाइनल के दौरान भी सबकुछ शांति से संपन्न हुआ, लेकिन बंगाल एक ऐसा राज्य है, जहां कुछ भी कहा नहीं जा सकता है। वहां वीआईपी कल्चर काफी ज्यादा है। 'हिमंता बिस्वा सरमा के अनुसार पश्चिम बंगाल की गृह मंत्री, जो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ही हैं और कोलकाता पुलिस के कमिश्नर को गिरफ्तार कर लेना चाहिए।



### पटना में वार्ड सदस्य के पति को अपराधियों ने मारी गोली

**पटना।** पटना के धनरूआ थाना क्षेत्र में देर रात अपराधियों ने वार्ड सदस्य के पति को गोली मार दी। गोलीबारी के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को नजदीकी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एनएमसीएच रेफर कर दिया। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।जानकारी के अनुसार, धनरूआ प्रखंड के सोनमई पंचायत, वार्ड संख्या-10 की वार्ड सदस्य नीतू कुमारी के पति गौतम कुमार उर्फ सोनू (28) ट्रैक्टर से सीमेंट उतारकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान चक सोहर के पास पहले से घात लगाए बैठे दो अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली सोनू के दाहिने हाथ में लगी, जबकि दूसरी गोली कान के पास से निकल गई। गोली चलने के बाद घायल सोनू कुमार मदद के लिए चिल्लाते हुए मौके से भागे, जिस पर अपराधी पैदल ही फरार हो गए।



### राष्ट्रीय राजधानी में कई जगहों पर एक्यूआई 500 के करीब, ग्रेप-4 लागू

# दिल्ली-एनसीआर में सांसों का आपातकाल, हाइब्रिड मोड में चलेंगी कक्षाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राजधानी में हवा की धीमी गति और खराब मौसम के चलते रविवार को हवा इस साल की सबसे खराब श्रेणी में पहुंच गई। सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे से हुई और आसमान में स्मॉग की मोटी चादर के चलते दृश्यता भी कम रही। सांस लेने में हो रही दुश्वारी के बीच लोग मास्क पहने नजर आए। लोगों को आंख में जलन की दिक्कत भी हुई। वहीं, एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, रविवार सुबह राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 462 दर्ज किया गया है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सुबह सात बजे को आंकड़ों के अनुसार, राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 439, आनंद विहार में एक्यूआई 491, अशोक विहार में 493, आया नगर में 447, बवाना में 495, बुराड़ी में 473, चांदनी चौक इलाके में 462 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

वहीं, डीटीयू में 493, द्वारका सेक्टर 8 में 454, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 411, आईटीओ में 482, जहांगीरपुरी में 495, लोधी रोड 401, मुंडका 486, नजफगढ़ में 411, पंजाबी बाग में 475, रोहिणी 499, विवेक विहार 495, सोनिया विहार 483, आरकेपुरम 472, वजीरपुर में 493 दर्ज किया गया है।



### गाजियाबाद में भी 400 पार पहुंची एक्यूआई

गाजियाबाद में भी एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, वसुंधरा में 482 एक्यूआई दर्ज किया गया है। संजय नगर में 419 और इंदिरापुरम में एक्यूआई 476 दर्ज किया। नोएडा में भी कई इलाकों में 400 से ज्यादा एक्यूआई पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सेक्टर 125 में 456, सेक्टर 1 इलाके में 488 और सेक्टर 62 इलाके में 432, सेक्टर 116 इलाके में 499 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

### केरल में बदल रहा है सियासी गणित

# निकाय चुनाव में भाजपा की जोरदार एंट्री लेफ्ट और कांग्रेस दोनों को लगा झटका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केरल में आए स्थानीय निकाय चुनाव नतीजों ने 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल साफ कर दिया है। सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट को राज्यभर में बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (DF) ने शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में जोरदार वापसी की है। वहीं, बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए ने भी अपनी पकड़ मजबूत करते हुए केरल की राजनीति को सिर्फ लेफ्ट बनाम कांग्रेस की लड़ाई तक सीमित ना रहने देने के संकेत दिए हैं।

केरल में स्थानीय निकाय चुनावों को हमेशा विधानसभा चुनावों का सेमीफाइनल माना जाता रहा है। इस बार के नतीजे लेफ्ट के लिए इस स्तर पर अनुकूल नहीं माने जा रहे हैं। राज्य के कई जिलों में यहां तक कि लेफ्ट के परंपरागत गढ़ों में भी उसे नुकसान उठाना पड़ा है। कांग्रेस गठबंधन सबसे बड़ा लाभार्थी बनकर उभरा है, जबकि भाजपा ने खासतौर पर शहरी इलाकों में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया है। इससे यह संकेत मिल रहा है कि केरल की राजनीति अब पूरी तरह द्विध्रुवीय नहीं रह सकती।

छह नगर निगमों में से चार पर कांग्रेस के नेतृत्व वाले डीफ ने जीत हासिल की, जबकि एक-एक नगर निगम एलडीएफ और एनडीए के खाते में गया। नगर पालिकाओं की बात करें तो 86 में से 54 पर डीएफ को जीत मिली, एलडीएफ 28 पर सिमट गया और एनडीए ने दो नगर पालिकाओं में सफलता हासिल की। ग्राम पंचायत स्तर पर कांग्रेस गठबंधन ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया और 941 में से 504 पंचायतों पर कब्जा जमाया। वहीं,एलडीएफ को 341 और एनडीए को 26 पंचायतों में जीत मिली। ब्लॉक पंचायतों में एलडीएफ ने 63 और डीएफ ने 79 सीटें जीतीं, जबकि जिला पंचायत स्तर पर दोनों गठबंधनों को सात-सात सीटें मिलीं।



#### पिछला पैटर्न और मौजूदा राजनीतिक संदेश

केरल के चुनावी इतिहास को देखें तो स्थानीय निकाय और विधानसभा चुनावों के नतीजों के बीच मजबूत संबंध रहा है। 2010 में जब कांग्रेस ने निकाय चुनावों में शानदार प्रदर्शन किया था तो अगले ही साल 2011 में डीएफ ने सरकार बनाई थी। इसके उलट, 2020 के निकाय चुनावों में एलडीएफ की जीत के बाद 2021 में मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने लगातार दूसरी बार सत्ता हासिल कर इतिहास रच दिया था। इसी पैटर्न को देखते हुए मौजूदा नतीजों को लेफ्ट सरकार के खिलाफ जनभावना में बदलाव का शुरुआती लेकिन अहम संकेत माना जा रहा है।

#### लेफ्ट के गढ़ों में बड़ा झटका

इन नतीजों का सबसे चौंकाने वाला पहलू शहरी इलाकों में एलडीएफ की भारी हार रही। यूडीएफ ने कोल्लम, त्रिशूर और कोच्चि नगर निगम लेफ्ट से छीन लिए और कन्नूर को बरकरार रखा। कोल्लम और त्रिशूर क्रमशः 25 और 10 वर्षों से लेफ्ट के कब्जे में थे। कोझिकोड नगर निगम में मुकाबला बेहद करीबी रहा, जहां अंततः एलडीएफ ने मामूली बढ़त के साथ जीत दर्ज की। लेफ्ट के लिए सबसे बड़ा राजनीतिक झटका राजधानी तिरुवनंतपुरम में लगा। यहां सीपीआई(एम) के 45 साल पुराने गढ़ में भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए आगे निकल गया।

#### भाजपा की बढ़त और बदलती सियासी तस्वीर

विश्लेषकों के मुताबिक, भाजपा की आगे की बढ़त अब कांग्रेस नहीं बल्कि लेफ्ट के वोट बैंक में सेंध लगाकर हो रही है। तिरुवनंतपुरम, पालक्काड़ और कोझिकोड जैसे इलाकों में NDA की मजबूती इस बदलाव का संकेत है। हालांकि सीपीआई(एम) नेतृत्व का कहना है कि तिरुवनंतपुरम को छोड़कर भाजपा की बढ़त को बहुत बड़ा राजनीतिक उभार नहीं कहा जा सकता।

#### कांग्रेस के लिए आगे की चुनौती और बढ़ी

निकाय चुनाव में मिली जीत से कांग्रेस उत्साहित जरूर है, लेकिन इसे 2026 के विधानसभा चुनाव में बदलने के लिए संगठनात्मक मजबूती और स्पष्ट रणनीति जरूरी होगी। अगले छह महीने यह तय करेंगे कि UDF इस लय को बरकरार रख पाता है या नहीं। स्थानीय निकाय चुनाव आमतौर पर स्थानीय मुद्दों से प्रभावित होते हैं, लेकिन इस बार नतीजों का पैमाना और भौगोलिक फैलाव बड़ा राजनीतिक संदेश दे रहा है। ये नतीजे सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाली सरकार पर दबाव बढ़ाने वाले कहे जा सकते हैं। जबकि कांग्रेस को नई ऊर्जा दे रहे हैं और भाजपा को केरल में अपनी जमीन और मजबूत करने का आत्मविश्वास पैदा कर रहे हैं।

### पश्चिम बंगाल एसआईआर

## 13 लाख से अधिक मतदाताओं के माता-पिता के नाम एक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। चुनाव आयोग की शुरुआती जांच में 1.67 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम और उम्र से जुड़े रिकॉर्ड में गंभीर गड़बड़ियां पाई गई हैं। 13.5 लाख मतदाताओं के मामले में पिता और माता का नाम एक ही दर्ज है। इसने राज्य की राजनीति में हलचल मचा दी है। अजीबोगरीब गड़बड़ियां सामने आने से आयोग चौकन्ना हो गया है।



**85 लाख मतदाताओं के रिकॉर्ड में गड़बड़ी-** चुनाव आयोग के मुताबिक राज्य में 85 लाख मतदाताओं के रिकॉर्ड में पिता के नाम को लेकर गड़बड़ी पाई गई हैं। रिकॉर्ड में 11 लाख 95 हजार 230 ऐसे मतदाता पाए गए हैं, जिनके पिता की उम्र 15 साल से भी कम है। जांच में यह भी सामने आया है कि 24.21 लाख मतदाता ऐसे हैं, जिनके छह बच्चे हैं। रिकॉर्ड में 3 लाख 29 हजार 152 ऐसे मतदाता पाए गए हैं, जो 40 वर्ष से कम उम्र में ही दादा बन गए हैं। जानकारी के मुताबिक यह भी सामने आया है कि कई परिवारों में एक ही व्यक्ति का नाम किसी मतदाता के पिता के रूप में दर्ज है, तो किसी अन्य मतदाता के मामले में वही नाम माता के स्थान पर दर्ज है।

#### भाजपा ने ममता सरकार पर फर्जीवाड़े का आरोप लगाया

मामला सामने आते ही विपक्ष ने सरकार पर हमला तेज कर दिया है। भाजपा प्रवक्ता देवजीत सरकार ने आरोप लगाया कि यह पूरी व्यवस्था फर्जीवाड़े से भरी हुई है। उन्होंने कहा, इसके पीछे गहरी चाल है। इस पर तुरंत चुनाव आयोग को ध्यान देना होगा। यह कैसे संभव है कि इतने सारे मतदाताओं के पिता और माता का नाम एक ही हो। उनका दावा है

### कार को उड़ाया, वीडियो जारी कर दी जानकारी

## इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास पर किया बड़ा हमला, टॉप कमांडर ढेर

**यरूशलम।** इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ एक बड़ा और लक्षित हमला किया है। इस बार इजरायली सेना ने हमास की मिलिट्री विंग के हथियार उत्पादन मुख्यालय को निशाना बनाया है। इजरायल ने दावा किया है कि इस हमले में हमास का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और शीर्ष कमांडर राद साद मारा गया है। इजरायली सेना ने इस हमले का एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें दावा किया गया है कि साद एक गाड़ी में जा रहा था। वीडियो में देखा जा सकता है कि इजरायली सेना ने सटीक हमले के जरिए उस गाड़ी को पूरी तरह से उड़ा दिया।

इजरायली सेना के मुताबिक राद साद हमास के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण शख्सियत था। सेना ने उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी है। वह हमास की सैन्य विंग के हथियार उत्पादन मुख्यालय का प्रमुख था। साद को 7 अक्टूबर 2023 के क्रूर नरसंहार के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक बताया गया है।



## पंकज चौधरी को अध्यक्ष बनाकर कई समीकरणों को साधना चाहती है भाजपा

**लखनऊ।** भाजपा संगठन चुनाव पिछले साल अक्टूबर में शुरू हुए थे। एक साल से भी ज्यादा वक्त से प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए कयास लगाए जा रहे थे। कई दावेदार सामने थे। तब से उनके नाम की कोई चर्चा नहीं थी। दिल्ली और लखनऊ में दो दिन चले बैठकों के दौर के बाद अचानक पंकज चौधरी का नाम तेजी से उछला। केंद्रीय नेतृत्व ने गहन मंथन के बाद उनके नाम पर मुहर लगाई।

दरअसल, भाजपा का अगला टारगेट 2027 का विधानसभा चुनाव है। सबसे बड़ी आबादी ओबीसी वोटरों की है। इसमें सबसे मजबूत यादव सपा का कोर वोटर माना जाता है। ऐसे में भाजपा की कोशिश गैर यादव ओबीसी को अपने पक्ष में करने की रही है। यादव के बाद सबसे बड़ा और प्रभावशाली वर्ग कुर्मी ही है। इनकी आबादी लगभग 7-8% है। खासकर अवध, बुंदेलखंड और पूर्वांचल में कई सीटों को कुर्मी प्रभावित करते हैं।



भाजपा ने पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर कुर्मी वोटर साधने की कोशिश की है। भाजपा इससे पहले भी कुर्मी चेहरों पर दांव लगाती रही है। इससे पहले ओम प्रकाश सिंह, विनय कटियार और स्वतंत्र देव सिंह कुर्मी जाति से ही प्रदेश अध्यक्ष रह चुके है। इस वर्ग से पंकज चौधरी चौथे प्रदेश अध्यक्ष बने है।भाजपा को एहसास है कि जब भी ओबीसी उसके साथ आया है तो उसे बढ़त मिली है। कल्याण सिंह को चेहरा बनाकर ही पार्टी सत्ता में आई थी। उसके बाद 14 साल तक सत्ता से बाहर रही। पार्टी में शुरुआत से ही ओबीसी में खासतौर से कुर्मी और लोध चेहरे पर ही मंथन चल रहा था। ये दोनों ओबीसी वोटरों में सबसे ज्यादा और प्रभावशाली वर्ग है।

### कांग्रेस विधायक का दावा

## डीके शिवकुमार 6 जनवरी को बनेंगे कर्नाटक के सीएम!

**रामनगर (कर्नाटक)।** कर्नाटक में राजनीतिक सरगर्मी कम होने का नाम नहीं ले रही है। डीके शिवकुमार को लेकर अब सत्तारूढ़ कांग्रेस के एक विधायक ने तूफानी बयान दिया है। विधायक एच ए इकबाल हुसैन ने शनिवार को संभावना जताई है कि उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार छह जनवरी को मुख्यमंत्री बनेंगे। रामनगर के विधायक हुसैन ने पत्रकारों से कहा कि सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री का पद शिवकुमार के लिए खाली कर देना चाहिए और शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनने का मौका दिया जाना चाहिए।

#### डीके के समर्थक हैं विधायक एचए इकबाल

शिवकुमार के कट्टर समर्थक माने जाने वाले विधायक एचए इकबाल हुसैन कहा कि छह जनवरी को उनके (डीके शिवकुमार) मुख्यमंत्री बनने की 99 प्रतिशत संभावना है। जब उनसे पूछा गया कि इस तारीख का क्या महत्व है, तो उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता। यह बस एक संख्या है। हर कोई यही कह रहा है। यह छह या नौ जनवरी हो सकती है। ये दो तारीखें हैं। हुसैन लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाया जाए।

### मेट्रो एंकर

### दुबई में भारतीय अरबपति एमए यूसुफ अली की सादगी के हो रहे चर्चे

# अरबों की दौलत, फिर भी पब्लिक बस में सफर...

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दुबई से सामने आए एक वीडियो ने सोशल मीडिया पर लोगों का दिल जीत लिया है। इस वीडियो में लूलू समूह के चेयरमैन और भारतीय अरबपति एम ए यूसुफ अली को दुबई की एक पब्लिक बस में चढ़ते देखा जा सकता है। उनकी सादगी और अपनापन देख लोग उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में यूसुफ अली बस में चढ़ते ही ड्राइवर से हाथ मिलाते नजर आते हैं। वह ड्राइवर से हिंदी में कहते हैं,कैसे हो? ठीक हो? इसके बाद वह बस में बैठे अन्य यात्रियों से भी गर्मजोशी से बातचीत करते दिखाई देते हैं। यह वीडियो सबसे पहले टिकटॉक पर सज्जाद फरदीस नाम के एक यूजर ने शेयर किया था। इसके बाद यह वीडियो इंस्टाग्राम, एक्स और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो गया। सोशल मीडिया यूजर्स उन्हें सबसे जमीन से जुड़े अरबपति बताते हुए उनकी सादगी की जमकर सराहना कर रहे हैं।

**कौन हैं एम ए यूसुफ अली?-** एम ए यूसुफ अली लूलू समूह अंतरराष्ट्रीय के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक हैं। उनका समूह दुनिया भर में 256 से अधिक लूलू हाइपरमार्केट




#### सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रिया

कई यूजर्स ने लिखा कि अरबों की संपत्ति होने के बावजूद पब्लिक बस में सफर करना और आम लोगों से ऐसे मिलना आज के दौर में बहुत कम देखने को मिलता है। कुछ लोगों ने कहा कि यही असली अमीरी है-सादा जीवन और इंसानियत से जुड़ाव। इससे पहले भी एम ए यूसुफ अली का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह अपने दिवंगत कर्मचारी शिहाबुद्दीन के जनाज़े को कंधा देते नजर आए थे। यह वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया और बड़ी संख्या में लोगों को भावुक कर गया। खास बात यह रही कि इस भावुक पल का वीडियो खुद यूसुफ अली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया था। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह जनाज़े की नमाज में शामिल होते हैं और आम लोगों की तरह ताबूत को कंधा देकर अंतिम यात्रा में शरीक होते हैं। यूसुफ अली ने इस तोहफे के लिए शेख मोहम्मद का आभार जताते हुए लिखा कि उनके जीवन से वर्तमान और आने वाली पीढ़ियां बहुत कुछ सीख सकती हैं। किताब के अंदर शेख मोहम्मद का उनके नाम लिखा गया हस्तलिखित संदेश भी मौजूद था।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564